

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-09 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 12 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आईईडी ब्लास्ट, दो जवान शहीद; एक घायल




अखनूर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (LoC) के पास मंगलवार को हुए एक आतंकी हमले में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए। सेना ने बताया कि इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) विस्फोट में तीन सैनिक घायल हुए थे, जिनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार, यह हमला दोपहर करीब 3:30 बजे जम्मू के खौर थाने के अंतर्गत केरी बट्टल इलाके में हुआ। सैनिक नियंत्रण रेखा पर बाड़ की गश्त पर थे, तभी वे IED विस्फोट की चपेट में आ गए। घायल तीसरे जवान का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही सेना तत्काल मौके पर पहुंची और इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमले की पुष्टि करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। व्हाइट नाइट कोर ने अपने संदेश में लिखा, व्हाइट नाइट कोर दो वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता है और श्रद्धांजलि देता है।

### एआई बदल रहा हमारी जिंदगी, पेरिस समिट में पीएम मोदी ने 'इंडिया एआई' मिशन को लेकर कही ये बात

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस में 'एआई एक्शन समिट' के दौरान अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर बना कर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।पेरिस के ग्रैंड पैलेस में आयोजित सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खास तौर पर ग्लोबल साउथ में। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।'



केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

### सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद झारखंड के मंत्री इरफान ने याचिका वापस ली

रांची (आरएनएस)। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने छेड़छाड़ पीड़िता की तस्वीर वायरल करने से संबंधित केस में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने उन्हें इसकी इजाजत दे दी।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा था कि यह याचिका विचार योग्य नहीं है। इरफान अंसारी वर्ष 2018 में छेड़छाड़ की शिकार एक बच्ची से मिलने हॉस्पिटल गए थे। बच्ची से मुलाकात की तस्वीर वायरल होने से उसकी पहचान उजागर हो गई।

## किसानों के लिए खुशखबरी, पराली पर तय की जा सकती है एमएसपी



नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद की एक समिति ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए पराली जलाने की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से पराली का बेंचमार्क न्यूनतम मूल्य तय करने और धान की जल्द तैयार होने वाली फसल को अपनाने की सलाह दी है। साथ ही, समिति ने कहा है कि रेड एंट्री वाले किसानों के लिए एक निश्चित समय बाद इससे बाहर निकलने का भी प्रावधान होना चाहिए।

अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के अध्यक्ष मिलिंद मुरली देवड़ा ने मंगलवार को राज्यसभा में एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए गठित आयोग पर अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। समिति की अनुशंसा में कहा गया है कि आयोग को राज्य सरकारों से मशविरा कर पराली के लिए एक मानक न्यूनतम मूल्य तय करना चाहिए जो एमएसपी की तरह किसानों को पराली की बिक्री पर एक निश्चित आय की गारंटी प्रदान करे।

### बहराइच : तेज रफ्तार डंपर ने मारी कार को टक्कर, 5 लोगों की मौत

बहराइच(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बहराइच के कैसरगंज थाना क्षेत्र के करीम बेहड़ गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने कार में टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार सेना के जवान, उनकी पत्नी, माता-पिता और बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई।इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा।जानकारी के अनुसार, जवान छुट्टी पर घर आए थे और वह अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ लखनऊ इलाज के लिए जा रहे थे। यह हादसा हाईवे पर हुआ, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## मंगलवार तक 45 करोड़ ने लगाई आस्था की डुबकी, 15 दिन शेष दो स्नान बाकी

### सीएम योगी की उम्मीदों से आगे निकलता दिख रहा कुंभ



प्रयागराज (ए.)। मां गंगा, यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर की ओ बढ़ चला है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जाहिर की थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जाहिर किया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वहां स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जाहिर की थी। उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुंभ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई।मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान शेष हैं। इसके बाद पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जाएगी। प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह कम नहीं हो रहा है। देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य कमाने श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

मंगलवार को सुबह 8 बजे तक 49.68 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के ऊपर पहुंच गई। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे।


वहीं अब तक सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के मौके पर अमृत स्नान किया था।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 9 विभूतियों का होगा सम्मान

### नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम में 14 फरवरी को आयोजित होगा समारोह

नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखक कवि मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी स्व, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति समारोह आयोजित करने वाली समिति के द्वारा भोपाल में आयोजित होने वाले समारोह की तरह नर्मदापुरम में 14 फरवरी को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति की चयन समितियों के द्वारा सम्मानित किए जाने वाली विभूतियों के नाम तय कर दिए गए हैं।आयोजन समिति के अध्यक्ष दैनिक क्षितिज किरण समूह के प्रधान संपादक केके सक्सेना, दैनिक क्षितिज किरन के निदेशक समिति सचिव विलक्षण सक्सेना, उपाध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा करेंगे। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजवादी विचारक व राजनेता रघु ठाकुर मौजूद रहेंगे। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों का सम्मान अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।

#### 9 विभूतियां होंगी सम्मानित



पूर्व वर्षों की परंपरानुसार इस वर्ष भी स्व. सिन्हा की स्मृति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों को स्म्मानित किया जाएगा। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान के लिए बैतूल के डॉ कृष्णा मोदी, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पं श्री गिरिजा शंकर शर्मा, पत्रकारिता सम्मान नर्मदांचल के वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया, समाजसेवी सम्मान इटारसी के समाजसेवी गोपाल सिद्धवानी, साहित्यसेवी सम्मान नर्मदा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र, पत्र छायाकार सम्मान वर्षों से प्रेस फोटोग्राफर रहे लोकेश तिवारी, के साथ ही गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान नर्मदापुरम रेंज के डीआईजी आईपीएस प्रशांत खरे, विजय गुप्ता स्मृति विधि सेवी सम्मान बीते 56 वर्षों से सतत वकालात करने वाले संभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, व जन संचार सेवी सम्मान भोपाल के अवनीश सोमकुंवर को सम्मानित किया जाएगा।

आयोजन समिति के में संरक्षक पं गिरिमोहन गुरू शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, अध्यक्ष केके सक्सेना उपाध्यक्ष बलराम शर्मा अभय वर्मा शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना, सांस्कृतिक सचिव विजय प्रकाश श्रीवास्तव, तुकाराम यादवेश, भानू प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना सक्सेना संगठन सचिव भूपेंद्र चौकसे, नंद किशोर यादव, शरीफ राइन, संगठन सह सचिव श्याम राय, कमल चव्हाण कार्यकारिणी पीयूष शर्मा, महेंद्र यादव, कमलेश चौधरी, पंकज शुक्ला, अजय निगम, सजेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीमती हिना अली, सुश्री खुशबू बूलचंदानी रामू चौहान, गजेंद्र राजपूत, प्रकाश शर्मा ने नागरिकों से समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कोटा में फिर टूटा एक सपना : नीट छात्र का सुसाइड और सवालों की गूंज



कोटा, (आरएनएस)। कोटा, जो कभी मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्रों का मक्का माना जाता था, अब लगातार छात्र आत्महत्याओं की भयावह कहानियों से गूंज रहा है। मंगलवार सुबह एक और नीट अभ्यर्थी, 18 वर्षीय अंकुश मीणा, ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सुबह 8.30 बजे, जब अंकुश ने अपने पिता से फोन पर बात की, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि यह उनकी आखिरी बातचीत होगी। करीब आधे घंटे बाद, जब उसका भाई और मकान मालिक पहुंचे, तो सब कुछ खत्म हो चुका था।अंकुश कुछ दिन पहले ही नए किराए के कमरे में शिफ्ट हुआ था, क्योंकि उसका पुराना पीजी जिस मकान में था, वह बैंक ने सीज कर दिया था। मकान मालिक के मुताबिक, उसने परीक्षा के हवाले से कुछ दिनों के लिए रहने की अनुमति मांगी थी।

लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या यह सिर्फ व्यक्तिगत कारणों से हुआ सुसाइड है, या फिर इस शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बन चुके मानसिक दबाव की एक और बलि?

### चार पीढ़ियों संग महाकुंभ पहुंचे मुकेश अंबानी, संगम में लगाई डुबकी

प्रयागराज (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने महाकुंभ में स्नान किया, उनके साथ उनकी चार पीढ़िया भी कुंभ नगरी पहुंची। उनकी मां कोकिला बेन, बेटा-बहू आकाश व श्लोका और अनंत व राधिका के साथ मुकेश अंबानी के पोते-पोती पृथ्वी व वेदा भी प्रयागराज पहुंचे। संगम में डुबकी के बाद अंबानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी जी महाराज की उपस्थिती में मां गंगा की पूजा अर्चना की। त्रिवेणी में स्नान के बाद अंबानी परिवार महाकुंभ में बने परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचा। परिवार ने आश्रम में सफाईकर्मियों, बोट चालाने वालों व तीर्थयात्रियों को मिठाई बांटी।






मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार की शाम समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में अभिनेता अन्नू कपूर ने सौजन्य भेंट की।

### महाकुंभ को लेकर अनर्गल प्रलाप कर रहे अखिलेश यादव : ब्रजेश पाठक

लखनऊ (आरएनएस)। महाकुंभ जाने वाले रास्तों में वाहनों की लंबी कतार और घंटों जाम को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव सरकार को घेर रहे हैं। इस पर यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा और अखिलेश यादव पर अनर्गल प्रलाप करने का आरोप लगाया।ब्रजेश पाठक ने कहा, महाकुंभ को लेकर समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ श्रद्धालुओं के साथ है और लोगों की सुविधा के लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम कर रही है। अखिलेश और अन्य विपक्षी दल लगातार सनातन के खिलाफ टिप्पणी करते रहते हैं, जो सनातन धर्म कभी स्वीकार नहीं करेगा। आने वाले समय में उनको इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सनातन संस्कृति आज उच्च शिखर की ओर आगे बढ़ रही है। सभी लोग चाहते हैं कि पवित्र संगम स्थल पर आकर स्नान करें।इससे पहले सपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट करके महाकुंभ जाम को लेकर सरकार को घेरा था। उन्होंने लिखा था, जाम में फंसे लोग अपने वाहनों में घंटों से कैद हैं। दैनिक जरूरतों के लिए महिलाओं तक के लिए कोई स्थान नहीं है। जो लोग रास्तों में बेसुध हो रहे हैं, उनकी देखभाल का कोई इंतजाम नहीं है। श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन की बैटरी खत्म हो गई है, जिससे उनका अपने लोगों से संपर्क टूट गया है। संपर्क और सूचना के अभाव में लोगों में बेचैनी बढ़ गई है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबी दो सगी बहनो की मौत

चित्रकूट (आरएनएस)। परिवार के साथ रेलवे में काम करने आए मजदूर की दो मासूम बेटियां पानी भरे गड्ढे में डूब गई। जिससे दोनो की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।ये हादसा जिला मुख्यालय स्थित फक्कड बाबा आश्रम के समीप मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे हुआ। बताया गया कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के बराह माफी गांव के नीलू कोल, पत्नी राजमती व पुत्री कल्ली (7), संध्या (4) परिवार के एक दर्जन लोग रेलवे में मजदूरी करने के लिए एक सप्ताह पहले आए थे। यहीं रहकर रेलवे लाइन की गिट्टियां फेंकने का काम करते हैं। सवेरे सभी लोग मजदूरी करने लगे। वहीं पर नल का पानी एक गड्ढे में भरा था। अचानक संध्या खेलते समय गड्ढे में गिर गई। यह देख कल्ली बचाने पहुंची तो वह भी डूब गई। काफी देर बाद जब परिवार के लोग आए और बेटियों को न देखकर खोजबीन किया।

K ✌ K
राजधानी समाचार



बुधवार 12 फरवरी 2025, नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 

## विविध-समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंध्रप्रदेश के तीर्थयात्रियों की असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज से आ रहे आंध्रप्रदेश के तीर्थयात्रियों की भीषण सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर जिले के सिहोरा में नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाइ-वे पर ट्रैवलर और ट्रक की भिंड़त से यह हादसा हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घायलों के समुचित उपचार और सभी मृतकों के परिजन से सम्पर्क कर पार्थिव देह पहुंचाने की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज की यात्रा लंबी है, इसलिए वाहन चालकों के पर्याप्त आराम और नींद का ध्यान रखना आवश्यक है। साथ ही तेज रफ्तार से वाहन चलाने से भी बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्थानीय अधिकारियों को दुर्घटना के संबंध में जांच के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने जबलपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना पर गहन दुख व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को सिहोरा के पास नेशनल हाईवे पर कुंभ स्नान कर वापस लौट रहे तीर्थयात्रियों की ग्राम मोहला बरगी के पास टेंपो ट्रेवलर एवं ट्रक के टकराने से हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना में टेंपो ट्रेवलर में सवार आंध्र प्रदेश के 7 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। घायल 2 लोगों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और एसडीएम रूपेश सिंघई तुरंत ही मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये। कलेक्टर जबलपुर ने बताया कि मृत व्यक्तियों को सिहोरा अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया है एवं घायलों का सिहोरा जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहे कांट्रेक्टर की तीसरी मंजिल से गिरने मौत

भोपाल (आरएनएस)। रायसेन रोड स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माणाधीन छात्रावास में काम कर रहे कांट्रेक्टर की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब 36 वर्षीय गगन गर्ग काम कर रहे थे। उस समय वहां कई मजदूर भी मौजूद थे।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं। बताया जा रहा है कि उस समय गगन अपनी टीम के साथ मिलकर सामान चढ़ाने की लिफ्ट इंस्टॉल कर रहे थे। अचानक ट्रॉली फिसलने के चलते गगन ने ट्रॉली पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन इस प्रयास में उनका पैर भी फिसल गया। करीब 30 फीट नीचे गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बिलखिरिया पुलिस के अनुसार, गगन रायसेन रोड स्थित एक कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। सोमवार को वह निर्माणाधीन छात्रावास की तीसरी मंजिल पर काम कर रहे थे। हादसे के बाद मजदूरों ने तुरंत उन्हें पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां करीब तीन घंटे तक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# गरीब से गरीब के जीवन में बदलाव लाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाल घाटी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद राजनैतिक दलों की दिशा और विचार प्रक्रिया निर्धारित की। साम्यवाद और पूंजीवाद के संघर्ष के उस दौर में उन्होंने एकात्म मानववाद का दर्शन दिया और अंत्योदय की अवधारणा के माध्यम से यह स्थापित किया कि गरीब की भलाई ही सत्ता की सर्वोच्च प्राथमिकता हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विचार का अनुसरण करते हुए गरीबों को नि:शुल्क अन्न, पक्के मकान, बच्चों की बेहतर शिक्षा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को अस्पतालों में 5 लाख रूपए तक नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था की।

राज्य सरकार पं.दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना हमारा उद्देश्य है। प्रदेश में आरंभ की गई पीएमश्री एयर एंबुलेंस सुविधा का लक्ष्य हर गरीब और जरूरतमंद को आवश्यक इलाज उपलब्ध कराना है।

यही पं.दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य-तिथि पर भोपाल में लाल घाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिमा स्थल पर नगर निगम भोपाल द्वारा लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रही नमो वन वाटिका का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 417 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिसमें अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत 400 करोड़ रूपए लागत की सीवरेज परियोजना, तीन करोड़ रूपए की लागत से क्रय चार सीवर कम जैटिंग मशीनों और बस स्टाप के रूप में परिवर्तित की गईं पुरानी बसों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य-तिथि पर समर्पण दिवस के अंतर्गत समर्पण निधि में योगदान भी दिया।

## भोपाल में दो-तीन दिन ठंड से थोड़ी राहत, फिर एक और दौर आएगा

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल सहित प्रदेश भर का मौसम रविवार को ठंडा-गरम रहा। दिन के तापमान में हल्का उछाल देखने को मिला, लेकिन रात का पारा एक बार फिर गिरता नजर आया। जम्मू-कश्मीर से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण भोपाल सहित प्रदेश के मौसम में अचानक बदलाव आया है।



### -रात के तापमान में गिरावट

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार और रविवार की रात प्रदेश के अधिकतर शहरों के न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। जबलपुर, इंदौर और शहडोल संभाग के जिलों का न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी कम रहा। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखा गया है।

### -शीतलहर का अलर्ट

मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। शहडोल, अशोकनगर, मंडला, नौगांव, पचमढ़ी और सिंगरौली में शीतलहर का प्रभाव रह सकता है। वहीं, उमरिया, खजुराहो, राजगढ़, शाजापुर, ग्वालियर, अनूपपुर, मलाजखंड, सतना, जबलपुर, नीमच, टीकमगढ़ और रीवा में हल्की शीतलहर का असर देखने को मिल सकता है।

## सौरभ शर्मा, चेतन सिंह, शरद जायसवाल की ईडी को मिली 7 दिन की रिमांड, 17 फरवरी तक होगी पूछताछ, क्या अब खुलेगा राज ?

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों को कोर्ट ने 17 फरवरी तक ईडी की रिमांड पर सौंप दिया है। ईडी ने 7 दिन की रिमांड



मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अपना फैसला सुनाया है। ईडी अब तीनों ही आरोपियों से 52 किलो सोना, 11 करोड़ रुपए कैश समेत अन्य करोड़ों रुपए की संपत्ति के मामले में पूछताछ करेगी। इससे पहले कोर्ट ने ईडी के आवेदन पर तीनों को न्यायालय में पेश करने के लिए जेल पुलिस को आदेश दिए थे। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों चेतन सिंह गौर तथा शरद जायसवाल के खिलाफविशेष न्यायाधीश ईडी संतोष कुमार कोल की अदालत में ईडी ने याचिका लगाकर प्रोटेक्शन वारंट मांगा था। इसके बाद कोर्ट ने केंद्रीय जेल के अधीक्षक को तीनों ही आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया।सौरभ शर्मा मामले की जांच तीन अलग-अलग विभाग की टीमें कर रही हैं। एक लोकायुक्त, दूसरी ईडी और तीसरी आयकर विभाग की टीम है। पिछली बार कोर्ट में पेश किए गए सौरभ शर्मा और उसके साथियों को अदालत ने 17 फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### बारात के बाद दुल्हे को लेकर चाय पीने जा रहे दोस्तो की स्कार्पियो पलटी, एक की मौत, 8 घायल

भोपाल(ए)। निशातपुरा थाना इलाके में स्थित टूबा कॉलेज के सामने तेज स्पीड में दौड़ रहीं स्कार्पियो कार बेकाबू होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। दर्दनाक एक्सीडेंट में जहॉ एक युवक की मौत हो गई वहीं गाड़ी में सवार 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है, जिनमे तीन की हालत गंभीर बताई गई है। हादसा रविवार-सोमवार की करीब आधी रात 2.30 बजे का है। बताया गया है की युवक अपने दोस्त की बारात से वापस लौटकर दूल्हे को लेकर चाय पीने ढाबे पर जा रह थे। हादसा कितना भीषण था, इसक अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की चार पलटी खाई स्कार्पियो चारो और से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गेट खुलने पर उसके सवार युवक उछलकर सडक पर जा गिरे।

## प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हो रहा है प्रभावी क्रियान्वयन

### स्कूल शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टॉस्क फोर्स

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष-2020 का स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रतापसिंह की अध्यक्षता में क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति में अध्यायवार राज्य स्तरीय समितियों का भी गठन किया गया है। अधिकारियों, प्राचार्यों और शिक्षकों को न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर केन्द्रित ऑनलाइन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया गया है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी ट्रेकर के साथ क्रियान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा

प्रदेश में वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्य-योजना की स्वीकृति के आधार पर 4473 शालाओं में पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं। इन शालाओं में आयु वर्ग समूह 3 से 6 के लगभग एक लाख बच्चे दर्ज हैं। शालाओं में उपलब्ध अतिरिक्त शिक्षक और कक्षा-1 और 2 को पढ़ाने वाले शिक्षकों द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को पीएम पोषण उपलब्ध कराने के लिये शिक्षा पोर्टल पर प्रावधान किया गया है। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) से संबंधित 170 मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षित किये गये हैं। नर्सरी, के.जी.-ढ्ढ और के.जी.-II के बच्चों के लिये वर्क-बुक भाग-1, 2 और 3 और उनके मूल्यांकन के लिये समग्र प्रगति पत्रक तैयार किये गये हैं। इन बच्चों के भाषा और संज्ञानात्मक विकास के लिये 10 विषयों पर पोस्टर तैयार किये गये हैं।

# ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मियों के लिये आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

भोपाल(आरएनएस)।मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस (टी.एल.एम.) कर्मियों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में प्रदेश के टी.एल.एम. उपसंभाग के 40 कर्मियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में लाइन कर्मियों को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क के साथ सहायक एवं समावेशी तरीके से कार्य करने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।कार्यशाला में प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य ट्रांसमिशन कंपनी में नये टीम लीडर तैयार करना है, जो पावर सेक्टर में बदलती परिस्थितियां और बढ़ती चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि एम.पी. ट्रांसको को देश की सर्वश्रेष्ठ ट्रांसमिशन कंपनी बनाये रखने के लिये वर्तमान कार्यशैली में बदलाव की आवश्यकता है। इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाएं कर्मियों के आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाने में सहायक हो रही है। सभी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस



कर्मियों को बेयरहेंड मेंटेनेंस के साथ-साथ हॉट लाइन मेंटेनेंस की ट्रेनिंग लेना चाहिए, ताकि वो लाइन मेंटेनेंस की सभी विधाओं में पारंगत हो सके। उन्होंने कर्मियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हें दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### पहली बार वरिष्ठ लाइन कर्मियों ने भी दिया प्रशिक्षण

मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़ की परिकल्पना पर एम.पी. ट्रांसको के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मियों के लिये पहली बार इस तरह की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य बात यह रही वरिष्ठ लाइन कर्मियों गप्पू सिंह इटारसी एवं जबलपुर के मंगल पनिका, राजेन्द्र कुशवाहा आदि ने न केवल प्रशिक्षण प्राप्त किया बल्कि उन्होंने साथियों को जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ किस तरह विभिन्न परिस्थितियों में संयम के साथ कार्य निष्पादित करना है, इस संबंध में अपने अनुभव साझा किये।

# चाकू की नोंक पर किडनेप करने वाला तीसरा बदमाश रेल्वे स्टेशन से पकड़ाया



भोपाल(ए)। कोतवाली पुलिस ने किडनेप के मामले में फरार आरोपी शाहिद को भोपाल रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म से उस समय दबोचा है, जब वह शहर से बाहर भागने की फिराक में था। टीआई काशीराम कुशवाहा ने बताया की बीते साल 13 अगस्त 2024 को फरियादी दानिश खॉन ने रिर्पोट दर्ज कराते हुए बताया था की उसे एक्टिवा सवार तीन बदमाश चाकू अड़ाकर डिजायर कार मे जर्बरदस्ती अगवा कर ले गये थे। उस कार में पहले से दो और युवक बैठे थे। कार मे बैठाने के बाद बदमाशो ने उसकी ऑख पर कपडा बांध दिया था। पुलिस ने शप्पू पिस्टल, शाहिद,अयान सहित दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले में आरोपी शप्पू पिस्ट, शाहरूख, अयान को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आरोपी शाहिद खांन पिता जाहिद खांन (28) मूल निवासी, ग्राम राहतगढ जिला साग, हाल पतामुरली नगर निशातपुरा घटना के बाद ही फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 3 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बीते दिन टीम को मुखबिर से सूचना मिली की इनामी आरोपी शाहिद प्लेट फार्म नबर 6 पर खडा है, जो शहर से बाहर भागने की फिराक में है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

### प्रमाणित बीजों से बढ़ाई जा रही है फसलों की उत्पादकता : कृषि मंत्री श्री कंषाना

भोपाल (ए.)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि बीज प्रमाणीकरण संस्था का गठन भारत सरकार द्वारा अधिसूचित बीज अधिनियम 1966 की धारा 8 के अन्तर्गत किया गया है। संस्था का मुख्य कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्ता के बीजों का प्रमाणीकरण करना है। प्रमाणित बीजों से प्रदेश में फसलों की उत्पादकता बढ़ाई जा रही है। बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा विगत् एक वर्ष की अवधि में बीज प्रमाणीकरण का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। खरीफ-2024 में 1.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 15 लाख क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया।

## लव जिहाद पर हाईवोल्टेज ड्रामा

# हिंदू लड़की को लेकर कोर्ट पहुंचा मुस्लिम युवक, पीछे से पहुंचे हिंदू संगठन, और फिर.. ?



भोपाल (आरएनएस)। हिंदू लड़की को लेकर कोर्ट पहुंचा मुस्लिम युवक, पीछे से पहुंचे हिंदू संगठन, और फिर.. ?

मध्यप्रदेश की राजधानी में एक बार फिर लव जिहाद का मामला सामने आया है। इस मामले में एक मुस्लिम युवक और एक हिंदू लड़की कोर्ट मैरिज करने के इरादे से भोपाल कोर्ट पहुंचे, लेकिन हिंदू संगठनों ने इसकी भनक लगते ही युवक को कोर्ट परिसर में ही पीट दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक की पिटाई होते हुए देखा जा सकता है।अपनों के लिए सबसे अच्छे उपहार

### -क्या है मामला ?

मामला भोपाल कोर्ट का है, जहां एक मुस्लिम युवक और एक हिंदू लड़की कोर्ट मैरिज करने के लिए पहुंचे। युवक नरसिंहपुर का रहने वाला है और वह युवती से शादी करने के लिए भोपाल आया था। दोनों ने कोर्ट मैरिज की प्रोसेस शुरू कर दी थी, लेकिन इसकी जानकारी हिंदू संगठनों को हो गई। संगठन के कार्यकर्ता भी कोर्ट परिसर में पहुंच गए और युवक से बहस करने लगे।

### -हिंदू संगठनों ने युवक को बताया लवजिहाद का आरोपी

हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने युवक से उसके इरादों के बारे में सवाल किए और उसे लव जिहाद का आरोपी बताया। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक को जमकर पीटा। पिटाई का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कोर्ट परिसर के अंदर हिंदू संगठन के लोग युवक को पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### -क्या है लव जिहाद का मतलब ?

लव जिहाद दो शब्दों से मिलकर बना है ङ्क लव और जिहाद। लव अंग्रेजी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ प्रेम, इश्क या मोहब्बत होता है। वहीं, जिहाद अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष या प्रयास करना होता है।

लव जिहाद का अर्थ यह माना जाता है कि जब किसी विशेष धर्म का व्यक्ति दूसरे धर्म की लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर, किसी प्रकार का प्रलोभन देकर या विवाह के जरिए उनका धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश करता है, तो इस प्रक्रिया को लव जिहाद कहा जाता है।अपनों के लिए सबसे अच्छे उपहार

### -हिंदू संगठन ने दर्ज कराई शिकायत

संस्कृति बचाओ मंच और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाया है। संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष, चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि, मुस्लिम युवक, बहलाफुसलाकर हिंदू लड़की को भोपाल लाया था। लड़के के फोन में कई हिंदू लड़की की तस्वीरें और नंबर भी मिले हैं। उसने लड़की पर दबाव बनाया और फिर कोर्ट मैरिज करने के लिए मनाया। हिन्दू संगठनों ने पुलिस से मांग की है कि शहजाद अहमद पर रेप और लव जिहाद की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए।

### -लड़की बोली- मैं उससे प्यार करती हूं

उधर लड़की ने इस पूरे मामले में लड़के के पक्ष में बयान दिया है। लड़की का कहना है कि, मैं उस लड़के को चाहती हूं, इसलिए उससे शादी करने के लिए भोपाल आई थी, लड़के ने मुझे जरा भी डराया या धमकाया नहीं है, मैं अपनी मर्जी से यहां आई हूं। लड़की के मुताबिक, दोनों तीन साल से रिलेशनशिप में हैं।

### बयान दर्ज होने के बाद लेंगे एक्शन

इस पूरे मामले में एसीपी अक्षय चौधरी का भी बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि, फिलहाल हमने दोनों को पुलिस की कस्टडी में रखा है। युवती जो भी स्टेटमेंट देगी, उसी हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं जनसुनवाई में 146 आवेदन प्राप्त हुए




भोपाल (ए.)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम अंकुर मेश्राम, डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल, श्रीमती निधि चौकसे, अजय शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 146 आवेदन प्राप्त हुए। एडीएम अंकुर मेश्राम ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत 574 ग्रामों में कार्य पूर्ण- 21 ग्राम पंचायतों में बचे हुए कार्य इसी माह के अंत तक होंगे पूरे

## समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करने वाली निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : कलेक्टर आशीष सिंह

इन्दौर (आरएनएस)। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जिले में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत ऐसी पंचायतें जिनमें अभी कुछ काम शेष है, उन्हें शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री सिंह ने बचे हुए कार्यों को इसी माह के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस माह के अंत तक कार्य पूरा नहीं करने वाली निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में हर घर में नल से जल पहुँचाने के लिए चल रही योजना के तहत मात्र 21 ग्रामों में ही काम शेष है। हर घर में नल से जल वाला जिला घोषित करने की तैयारियां अंतिम दौर में है, इसके लिए तेजी से प्रयास जारी है।

कलेक्टर आशीष सिंह ने आज यहां जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, पीएचई के कार्यपालन यंत्री एस.के. उदिया सहित योजना से जुड़े अधिकारी, एसडीएम, अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी आदि मौजूद थे।




बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने ऐसी पंचायतें जिनमें अभी कुछ काम शेष है, उन पंचायतों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में 21 पंचायतों में कुछ ही काम बचा है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए की शेष पंचायतों में बचे कार्यों को इस माह के अंत तक पूर्ण किया जाए। कार्य को पूर्ण करने के लिए दिन-प्रतिदिन की कार्य योजना बनाई जाए और प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाए। कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। हर सप्ताह प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि इंदौर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 566 गांवों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना स्वीकृत की गई है। जिले में पूर्व से शत-प्रतिशत नल कनेक्शन वाले 29 ग्राम है। इस तरह जिले में कुल 595 ग्रामों में हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना है। जिले में अभी तक इसमें से 574 गांवों में नल जल योजना का कार्य पूर्ण हो गया है। उक्त सभी योजनाएं पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई है। शेष 21 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है, इन शेष सभी पंचायतों में कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कर संबंधित पंचायत को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर आशीष सिंह ने संबंधित पंचायतों के सरपंचों को भी निर्देशित किया है कि वे पूर्ण योजना को शीघ्र हाथ में लेकर बेहतर संचालन सुनिश्चित करें।

## बिना ऑपरेशन के सिक्के निकालने वाले डॉ मनोज चौधरी प्रदेश स्तर पर हुए सम्मानित

छतरपुर (आरएनएस)। बिना ऑपरेशन किए मासूमों के गले में फंसे सिक्के को बड़ी ही आसानी से निकाल देने बाले चर्चित सर्जन डॉक्टर मनोज चौधरी को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर सर्वाधिक ऑपरेशन करने पर उन्हें सम्मानित किया गया है।

शनिवार को भोपाल में आयोजित सर्जिकल संगठन के 42वें कॉन्फ्रेंस आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर सर्वाधिक एलटीटी ऑपरेशन करने वाले जिला अस्पताल में पदस्थ चर्चित डॉक्टर मनोज चौधरी को मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने डॉ. एलएम पंत अवार्ड से सम्मानित किया। गौरतलब हो कि डॉ मनोज चौधरी ने इस सत्र में 5258 ऑपरेशन किए हैं जो प्रदेश स्तर पर सर्वाधिक हैं जिले को इस सत्र में 10000 का टारगेट मिला था जिसमें 7700 से अधिक ऑपरेशन हो चुके हैं डॉक्टर चौधरी को अवार्ड मिलने से जिला अस्पताल में खुशी का माहौल देखा गया वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर जी एल अहिरवार ने इस सफलता पर डॉक्टर को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है कार्यक्रम के दौरान भी डॉक्टर सहित मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने भी डॉ मनोज चौधरी के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की है।

## बस का गेट बंद कर नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़, चलती गाड़ी से कूदी बच्चियां

दमोह (आरएनएस)। चलती यात्री बस से कूद गईं. चलती बस से कूदने से छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं. जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस घटना के पीछे वजह बस में उनके साथ हुई छेड़छाड़ बताई जा रही है। इस घटना के सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैली हुई है. वहीं, पुलिस छेड़छाड़ करने वालो की तलाश में जुट गई हैं।

दरअसल, दमोह जिले के अधरोटा गांव से नवमी क्लास में पढ़ने वाली दो स्कूली छात्राएं एक यात्री बस में सवार होकर परीक्षा देने टोरी स्कूल जा रही थी. बस में महज 4 लोग थे. जिनमें से दो ने चलती बस में लड़कियों के लिए अश्लील इशारे किये. इस दौरान कंडक्टर ने बस का पीछे का दरवाजा लॉक कर दिया. जिससे लड़कियां घबरा गईं. इसके बाद आगे किसी संभावना को भांपते हुए दोनो बस से कूद गईं।

## प्रशासन ने पुलिस विभाग की आवंटित जमीन से हटाया अतिक्रमण, अवैध निर्माण को किया जमींदोज

रतलाम (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में प्रशासन का बुलडोजर भू माफ़ियाओं के कब्जे वाली जमीनों पर चला है। जहां प्रशासन की टीम कार्रवाई कर पुलिस विभाग की आवंटित जमीन पर से अवैध कब्जों को हटाया है। इसके लिए यहां रहने वाले परिवारों ने स्वत: ही अपने आवास खाली कर दिए।

शहर में प्रशासन ने पुलिस विभाग की आवंटित जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सोमवार सुबह से ही अमला दो जेसीबी मशीनों के साथ हकीमवाड़ा इलाके में पहुंचा। जिसके बाद यहां पुलिस विभाग की जमीन पर बने अवैध आवासों को हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण हटाने की सूचना मिलते ही यहां रहने वाले परिवारों ने खुद ही अपने आवास खाली कर दिए।

## संजय गांधी रिजर्व टाइगर से भाग कर आई बाघिन की मौत, माडा रेंज के जंगल में मिला शव

सिंगरौली (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में बाघों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। करीब एक सप्ताह पूर्व सिंगरौली जिले के माडा के जंगल में आई कॉलर बाघिन का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। डीएफ्ओ (ष्ठस्नह्र) अखिल बंसल ने की बाघिन की मौत की पुष्टि की है। डॉग स्कॉट की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। शव का पीएम के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

बता दें कि संजय गांधी नेशनल पार्क व वन विभाग सिंगरौली की टीम संयुक्त रूप से बाघिन के तलाश में लगी थी। आज माडा रौंदी के जंगल में शव मिलने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। अधिकारी मामले को लेकर कुछ भी जानकारी देने से बचते रहे। हालांकि बाद में डीएफ्ओ अखिल बंसल ने मौत की पुष्टि कर दी। वे आज मामले को लेकर खुलासा कर सकते हैं। बताया जाता है कि संजय गांधी रिजर्व टाइगर एरिया से बाघिन भाग कर आई थी। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन ऑथोरिटी (एनटीसीए) के आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश में 2012 से 2024 के बीच 355 बाघों की मौत दर्ज हुई। इसी अवधि में महाराष्ट्र में 261, कर्नाटक में 179 और उत्तराखंड में 132 बाघों की मौत रिकॉर्ड में दर्ज हुई है। तीनों ही राज्य बाघों की संख्या के मामले में शीर्ष 5 राज्यों में शामिल हैं।

## सीएम राइज स्कूल राँझी में हुआ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विधायक अशोक रोहाणी भी रहे मौजूद



जबलपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज सीएम राइज स्कूल रांझी में भी किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी की परीक्षा पे चर्चा के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के दौरान विधायक अशोक रोहाणी भी शाला में पूरे समय मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर श्री रोहाणी ने बच्चों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री के कही गई बातों से प्रेरणा लें, उन्हें आत्मसात करें तथा बिना किसी तनाव लिये परीक्षाओं की तैयारी करें और अच्छे परिणाम लाकर परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। प्रधानमंत्री श्री मोदी की विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के दौरान शाला के सभी विद्यार्थी और शिक्षक, प्राचार्य जी पी झरिया, सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, पुष्पराज सेंगर, अनुराग दहिया, निशांत झरिया आदि भी उपस्थित थे।

## महाकुंभ से लौट रही स्कॉर्पियो मैहर में हुई हादसे का शिकार, इंदौर के 2 श्रद्धालुओं की मौत

मैहर (आरएनएस)। हादसा सोमवार देर रात नेशनल हाईवेH-30 पर हुआ है। स्कॉर्पियो में सवार 7 श्रद्धालु इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान दुबेही मोड़ पर कंचनपुर के पास अज्ञात वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों ने नादन देहात थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने शुरू की जांच

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अमरपाटन सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। साथ ही अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पेंच नेशनल पार्क : बाघ और तेंदुआ के कुनबे में इजाफा, गन्ने के खेत में मादा तेंदुए ने शावक को दिया जन्म

छिंदवाड़ा(आरएनएस)। बाघ और तेंदुआ की बेहतर जीवन के लिए पेंच नेशनल पार्क और उसके आसपास के जंगल बेहतर साबित हो रहे है। बाघ और तेंदुआ के कुनबे में इजाफा हो रहा है। पेंच नेशनल पार्क से लगे हरदुआ गांव में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह रघुवंशी के गन्ने के खेत में मादा तेंदुए ने एक शावक को जन्म दिया है। खेत मालिक शैलेंद्र रघुवंशी ने बताया कि उनके खेत में गन्ने की कटाई चल रही है। सुबह जब मजदूर खेत पहुंचे तो उन्हें गन्ने के ढेर के नीचे एक बिल्ली के बच्चे जैसा दिखाई दिया। उन्होंने इसकी सूचना मुझे दी, जब खेत जाकर देखा तो वह तेंदुए का शावक था। उसकी आंख भी नहीं खुली थी इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मादा तेंदुआ ने खेत में ही शावक को जन्म दिया होगा। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर शावक को उसकी मां से मिलाया। वन विभाग ने उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया ताकि मादा तेंदुआ उसकी देखभाल कर सके।

# व्यापार समाचार

## रिलायंस ने स्पोर्ट्स ड्रिंक बाजार में रखा कदम, लॉन्च की 10 रुपए में 'स्पिनर'

मुंबई (आरएनएस)। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने नया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' लॉन्च किया है, जिसे स्पिन के जादूगर मुथैया मुरलीधरन के साथ मिलकर बनाया गया है। यह भारत का सबसे किफायती स्पोर्ट्स ड्रिंक है और सिर्फ 10 रुपए में उपलब्ध होगा।

इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर यह ड्रिंक शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है और तीन फ्लेवर - नींबू, संतरा और नाइट्रो ब्लू में आएगा। कंपनी का दावा है कि अगले तीन वर्षों में स्पोर्ट्स ड्रिंक्स का बाजार 1 अरब डॉलर तक पहुंचेगा, जिसमें स्पिनर बड़ी भूमिका निभाएगा। लॉन्च के साथ ही स्पिनर ने मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटन्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स जैसी आईपीएल टीमों से भी साझेदारी की है। मुथैया मुरलीधरन ने कहा, स्पिनर हर भारतीय को एक्टिव और हाइड्रेटेड रखने में मदद करेगा। वहीं, आरसीपीएल के सीओओ केतन मोदी ने कहा, हमारा लक्ष्य हर भारतीय को किफायती और प्रभावी हाइड्रेशन उपलब्ध कराना है।

## अदाणी ग्रुप ने मेयो क्लिनिक के साथ मिलाया हाथ, भारत में हेल्थ कैंपस बनाने के लिए दान किए 6,000 करोड़ रुपये

अहमदाबाद (आरएनएस)। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अमेरिका स्थित मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी में अदाणी हेल्थ सिटी (एएचसी) शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य विश्वस्तरीय चिकित्सा अनुसंधान, किफायती स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में अग्रणी बनना है।

अदाणी परिवार अहमदाबाद और मुंबई में पहले दो एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का दान देगा। इसमें मुंबई और अहमदाबाद में दो 1,000 बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनेंगे।

6,000 करोड़ रुपये का यह दान अरबपति उद्योगपति द्वारा अपने बेटे जीत अदाणी की शादी में की गई 10,000 करोड़ रुपये की सामाजिक दान की हाल की घोषणा का हिस्सा है, जिसे विभिन्न सामाजिक कार्यों में लगाया जाएगा।

कंपनी ने बताया कि गौतम अदाणी ने देश भर के शहरों और कस्बों में ऐसी और अधिक एकीकृत अदाणी हेल्थ सिटीज बनाने की योजना बनाई है।अदाणी समूह के चेयरपर्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी में अदाणी हेल्थ सिटी को लॉन्च करने पर गर्व है, जो विश्व स्तरीय चिकित्सा अनुसंधान, सस्ती स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में अग्रणी बनेगा।

उन्होंने आगे कहा, अहमदाबाद और मुंबई में 1,000 बिस्तरों वाले दो अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों से शुरुआत करते हुए, हम पूरे भारत में अत्याधुनिक चिकित्सा इनोवेशन लाने के मिशन पर हैं। यह एक स्वस्थ, मजबूत भारत के लिए बस शुरुआत है। मेयो क्लिनिक, दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत गैर-लाभकारी चिकित्सा समूह है और यह एएचसी में तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करेगा।इन एकीकृत एएचसी परिसरों में से प्रत्येक में अस्पताल, 150 स्नातक, 80 से अधिक निवासी और 40 से अधिक फेलो के वार्षिक प्रवेश के साथ मेडिकल कॉलेज, स्टेप-डाउन और संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाएं और अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं शामिल होंगी।एएचसी चिकित्सा इकोसिस्टम का उद्देश्य सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों की सेवा करना, अगली पीढ़ी के डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करना है।

# भारत में 2047 तक कोयले की मांग 1,755 मिलियन टन पहुंचने का अनुमान : केंद्र



नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत में कोयले की मांग 2030 तक 1,462 मिलियन टन (एमटी) और 2047 तक 1,755 एमटी तक पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी सोमवार को सरकार द्वारा दी गई। वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े भूगर्भीय कोयला भंडार और दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में, कोयला एक मुख्य ऊर्जा स्रोत बना हुआ है, जो राष्ट्रीय ऊर्जा मिश्रण में 55 प्रतिशत का योगदान देता है।पिछले दशक में मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत संयंत्रों ने कुल बिजली उत्पादन में 74 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है। कोयला मंत्रालय के कहा, रिन्यूएबल स्रोतों में मजबूत प्रगति के बावजूद बिजली की मांग में तीव्र वृद्धि के कारण ताप विद्युत पर निर्भरता जारी रखना आवश्यक हो गया है। अनुमान है कि 2030 तक इसकी हिस्सेदारी 55 प्रतिशत और 2047 तक 27 प्रतिशत हो जाएगी।आठ कोर उद्योगों के सूचकांक (आईसीआई) के अनुसार, कोयला क्षेत्र ने दिसंबर 2024 में 5.3 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर्ज की, जो दिसंबर 2023 में 204.3 अंकों की तुलना में 215.1 अंक पर पहुंच गया।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान, कोयला उद्योग सूचकांक पिछले वर्ष के 167.2 अंकों से बढ़कर 177.6 अंक हो गया, जो 6.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो सभी कोर उद्योगों में सबसे अधिक है।आठ मुख्य उद्योगों के संयुक्त सूचकांक ने पिछले वर्ष की तुलना में दिसंबर 2024 में 4 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दिखाई है।इसके अतिरिक्त कोयला क्षेत्र भारतीय रेलवे के माल ढुलाई आय का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है और लगभग 4.78 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का कोयला उत्पादन 997.82 मिलियन टन (एमटी) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 609.18 एमटी से मजबूत वृद्धि दर्शाता है। अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।2020 में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की शुरुआत के साथ एक ऐतिहासिक नीतिगत सुधार आया, जिसने निजी क्षेत्र की भागीदारी और आधुनिक तकनीकी अपनाने को प्रोत्साहित किया।

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली

मुंबई, (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। सुबह 9:30 बजे सेंसेक्स 172 अंक या 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,138 और निफ्टी 69 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,315 पर था।

बाजार के गिरने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से आयातित स्टील और एल्युमिनियम उत्पादों पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाना है।बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिल रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 648 अंक या 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,855 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 250 अंक या 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,398 पर बना हुआ है।बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स 1.66 प्रतिशत बढ़कर 14.69 पर बना हुआ है।चॉइस ब्रोकिंग के आकाश शाह के मुताबिक, निफ्टी के लिए 23,260 एक अहम सपोर्ट है।

## भारत तैयार है न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए: हरदीप सिंहपुरी



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घरेलू तेल विपणन कंपनियों के गैस तलाश पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारत सभी स्रोतों से न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए तैयार है। पुरी ने जताया कि भारतीय ऊर्जा सप्ताह की शुरुआत अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद रूस से ऊर्जा आपूर्ति पर असर की चिंताओं को दूर किया। उन्होंने बताया कि भारत अब 39 आपूर्तिकर्ताओं से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी कर रहा है, जिसमें अर्जेंटीना भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने उज्जवला योजना के तहत प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में कमी की बात की और प्रस्तावित है कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के माध्यम से वितरित होने के साथ 30 प्रतिशत सस्ती है। इससे पहले भारतीय ऊर्जा सबंधी विभाग ने एलएनजी और कच्चा तेल खरीदने की निविदाएं जारी की हैं, जिससे छूट मिल सके। पुरी ने कहा कि भारत आयात के समय सस्ते स्रोत से खरीद कर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा। उन्होंने भविष्य में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति निरंतर संकल्प प्रकट किया और गैस तलाश के साथ-साथ प्राकृतिक गैस का उपयोग बढ़ाने का संकल्प जताया।

## रुपया भारी गिरावट के साथ बंद



मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 28 पैसे की भारी गिरावट के साथ ही 86.73 पर बंद हुआ। आज सुबह कारोबार में रुपया 61 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया। व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के कारण व्यापक आर्थिक अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है, जिससे वैश्विक मुद्रा बाजारों पर काफी प्रभाव पड़ा है। रुपया इस उठापटक के बीच सोमवार को 88 के स्तर के करीब पहुंच गया था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और फिर सुबह के कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 87.45 पर बंद हुआ था। इस बीच अमेरिकी प्रशासन के एल्युमीनियम तथा इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद बढ़ते व्यापार तनाव के बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 108.40 पर पहुंच गया।

## एयरो इंडिया 2025 : अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने दिखाई 'मेक इन इंडिया' की ताकत, प्रदर्शित किए आधुनिक हथियार

नई दिल्ली (आरएनएस)। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सोमवार को बेंगलुरु में चल रहे एयरो इंडिया 2025 में अपनी क्षमता दिखाई और कई आधुनिक हथियार प्रदर्शित किए।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के लैंड सिस्टम के प्रमुख, अशोक वधावन ने कहा कि हम अपनी क्षमताएं विकसित कर रहे हैं। हम किसी भी खतरे को पता लगाने वाले डिफेंस प्रोडक्ट्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में हमारे पास छोटे ड्रोन से लेकर बड़े ड्रोन हैं, जिसके जरिए हम कमरे से लेकर हवा में टारगेट कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम अनमैन्ड अंडरवाटर व्हीकल (यूयूवी) भी बना रहे हैं, जो कि 15 दिनों तक पानी में रहकर खतरे का पता लगा सकता है। इसके अलावा हम काउंटर ड्रोन भी बना रहे हैं।

एयरो इंडिया 2025 में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने व्हीकल माउंटेड काउंटर ड्रोन सिस्टम प्रदर्शित किया है। यह डिफेंस उपकरण 15 किलोमीटर तक डिटेक्ट कर सकता है, जबकि 10 किलोमीटर तक न्यूट्रलाइज कर सकता है।

इसके अलावा अदाणी ग्रुप की डिफेंस कंपनी ने कामिकेज ड्रोन भी प्रदर्शित किया है। यह काफी घातक ड्रोन माना जाता है। इसकी रेंज 200 किलोमीटर है और यह 16 किलो तक का वारहेड ले जा सकता है और 8 घंटे हवा में रह सकता है।

अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस पैवेलियन एयरो इंडिया 2025 में कई रक्षा हथियारों, मानव रहित वाहन, उपकरण और कई अन्य चीजों को प्रदर्शित करने वाले सबसे आकर्षक पैवेलियन में से एक है।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस भारत के रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक है। अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस ने लगातार तीसरी बार एयरो इंडिया में भाग लिया है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## राहत की बड़ी सौगात

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत की बड़ी सौगात दी है। यह कि 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कर नहीं लगेगा जिससे लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बच सकेगा। फलस्वरूप घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियों में रवानी आने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने शनिवार को लोक सभा में वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया जो उनका लगातार आठवां बजट रहा, जो कीर्तिमान है। इस राहत से करीब एक करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का भी प्रस्ताव है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा है कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुना बढ़ाएगा'। बेशक, बजट में जिस प्रकार से आयकर से राहत दी गई है, वह बाकी सभी बजट प्रावधानों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण दिखलाई पड़ रही है। हालांकि हर बजटीय प्रावधान खासे विमर्श के बाद किया जाता है।

लेकिन आयकर में राहत महत्त्वपूर्ण है क्यों कि अरसे से इस बाबत मांग की जा रही थी। अब यह राहत मिली है, तो इसे कुछ लोग चुनाव के मद्देनजर किया गया बदलाव करार दे रहे हैं। इस साल के आखिर में बिहार और इसी फरवरी में दिल्ली में विधानसभा के चुनाव हैं। बिहार के लिए भी पैकेज घोषित किया है, और आयकर में राहत से एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 85 प्रतिशत करदाताओं को अब आयकर नहीं देना पड़ेगा। बहरहाल, आम बजट से चुनावी से इतर अनेक लाभ मिलने तय हैं।

महंगाई कम करने के साथ ही बजट रोजगार सृजन में सहायक होगा। रक्षा क्षेत्र और पूंजीगत व्यय में वृद्धि करने के साथ ही नियामक सुधारों पर बल दिया गया है। वरिष्ठ जन की एक लाख रुपये तक की ब्याज आय को कर-मुक्त रखा गया है, जो यकीनन सराहनीय है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए भी उत्साहजनक ऐलान है।

स्वास्थ्य क्षेत्र और ईवीएम से जुड़ खचरे के लिए भी खासा आवंटन है। वित्त मंत्री ने रेल बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की है और इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति ही 2.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बेशक, बजट की आलोचना करने के लिए तमाम तर्क गढ़े जा सकते हैं, लेकिन इतना तो कहना होगा कि बजट समाज के व्यापक वर्ग के हित में दिख रहा है।



भारतीय वायु सेना की एयरोबैटिक टीम सूर्यकिरण ने बेंगलुरु के येलहंका एयर बेस पर एयरो इंडिया 2025 के 15वें संस्करण के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया।

# कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय कामगारों की स्थिति पर चिंता

**कुमार समीर**

*भारतीय कामगारों का वर्किंग कल्चर, स्टाइल, काम करने के घंटे हमेशा से बहस का मुद्दा रहे हैं। इस कड़ी में स्किल्ड, अन-स्किल्ड को केंद्र में रखकर विभेद की भी बात सामने आती रहती हैं।*

*हाल में जारी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात की तस्दीक करती है। काम के घंटे को लेकर कुछ दिनों पहले काफी विवाद देखा गया। इससे इतर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की हाल में जारी कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय जैसे कामगारों (गिग वर्कर्स) की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में साफ साफ शब्दों में माना गया है कि गिग वर्कर्स यानी ऐप आधारित कैब चालक, डिलीवरी ब्वाय या इसी तरह का अन्य काम करने वाले 83 फीसद कामगार रोजाना चुनौतियों का सामना करते हुए औसतन दस घंटे से भी अधिक काम कर रहे हैं। नतीजतन इन कामगारों को न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है।*

रिपोर्ट में टारगेट डिलीवरी को खतरनाक माना गया है और कहा गया है कि गिग वर्कर्स को एक निश्चित समयावधि में समान की डिलीवरी करनी होती है। समय पर टारगेट पूरा नहीं होने से शारीरिक,



मानसिक रूप से तनाव बढ़ता है। रिपोर्ट में गिग वर्कर्स के लिए मौजूदा रेटिंग प्रणाली पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई है और इसे मनमानी करार देते हुए इसकी समीक्षा पर बल दिया गया है। कई बार बेहतर काम करने के बावजूद इन गिग वर्कर्स को खराब रेटिंग मिलती है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इन गिग वर्कर्स की चुनौतियों को दूर करने व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियामक ढांचा तैयार करने और इसके जरिए लक्षित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

इनकी चुनौतियों में लंबे समय तक काम करना, वित्तीय तनाव और शारीरिक थकावट शामिल है। इनके लिए थोड़ी राहत वाली बात यह है कि झारखंड, कर्नाटक और राजस्थान जैसे कुछ राज्य इन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य बीमा, न्यूनतम मजदूरी, तनाव मुक्त कार्य स्थितियों से संबंधित उनकी अन्य चिंताओं को दूर करने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

हालांकि केंद्र सरकार ने इस आगामी 2025-26 वित्तीय वर्ष के बजट में देश के गिग वर्कर्स जिनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है, उन सभी कामगारों को पहचान देने के लिए पंजीकरण करने और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इससे उम्मीद जगी है और इसी तरह की उम्मीद कारपोरेट जगत के कामगारों में जगाने की जरूरत है क्योंकि यहां के कर्मचारी भी जबरदस्त तनाव में रहते हैं। ये लोग औसतन दस घंटे से कहीं अधिक समय तक काम करने को मजबूर हैं।

इनके नारायण मूर्ति, एस.एन. सुब्रमण्यम जैसे मालिकानों की सोच बदलनी होगी और उन्हें अहसास दिलाना होगा कि उनकी इस तरह की सोच, नजरिया से न तो उनका और ना ही कामगारों का भला होने वाला है। आर्टफीशियल इंटेलीजेंस के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे को महसूस कर रही है, तब काम के घंटे बढ़ाने के कारण देश में और भी बेरोजगारी बढ़ेगी, यह तय है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि अर्थनीति की दिशा बदली जाए काम के घंटे घटाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया जाए और रोजगार को संवैधानिक अधिकार बनाकर राज्य की जिम्मेदारी तय की जाए कि वह नौजवानों के लिए रोजगार/नौकरी को सुनिश्चित करे।

स्वीडन ने छह घंटे कार्यदिवस की नीति अपनाई, जिससे कर्मचारियों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और उनके जीवन की गुणवत्ता बेहतर हुई। जर्मनी ने भी कार्य घंटों को सीमित कर कर्मचारियों को दक्षता और कुशलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि कार्य घंटों को घटाने से कर्मचारियों की संतुष्टि और उत्पादकता दोनों में सुधार होता है, जो संगठनों की दीर्घकालिक प्रगति के लिए भी फायदेमंद है। भारत में इस दिशा में सुधार के लिए व्यापक नीतिगत बदलावों की आवश्यकता है।

श्रम कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि कार्यदिवस के घंटे तय हों और कंपनियां इन नियमों का सख्ती से पालन करें। स्मार्ट वर्क' के विचार को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे कर्मचारी अपनी दक्षता और तकनीकी उपकरणों का उपयोग करते हुए कम समय में बेहतर परिणाम दे सकें। अंतत: संगठनों को यह समझना होगा कि उत्पादकता केवल काम के घंटों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह कर्मचारियों की प्रेरणा, कौशल-सम्मान और प्रोत्साहन पर आधारित होती है। कर्मचारियों को बेहतर परिणाम देने के लिए प्रेरित करना और उनकी क्षमताओं का सही आकलन करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। संतुलित कार्यसंस्कृति न केवल कर्मचारियों को संतुष्टि प्रदान करती है, बल्कि उनकी उत्पादकता और समर्पण को भी बढ़ाती है।

# काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप

**विनीत नारायण**

कई दशकों से देखने में आया है कि गणतंत्र या स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को नमन कर देशवासियों को लंबे-चौड़े वादों की सौगात देकर देश का भला करने के संकल्प लिए जाते हैं परंतु इन सब से क्या देश का भला हो सकता है?

कई देशों में प्रवासी भारतीयों ने कई क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है। इसका मतलब हुआ कि भारतीयों में योग्यता की कोई कमी नहीं है। यदि सभी को सही मौका और प्रोत्साहन मिले तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

अगर यह बात सही है तो फिर क्या वजह है कि खिलाडियों पर खर्चा करने की बजाय खर्चीले खेल आयोजनों पर अरबों रुपया बर्बाद किया जाता है? कुछ हजार रुपये का कर्जा लेने वाले किसान आत्महत्या करते हैं और लाखों करोड़ का बैंकों का कर्जा हड़पने वाले उद्योगपति ऐश। आधी जनता भूखे पेट सोती है और एफसीआई के गोदामों में करोड़ों टन अनाज सड़ता है। विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया भी ऐसी अव्यवस्था का नंगा नाच दिखाने में पीछे नहीं रहते।

नतीजतन, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। सरकार के पास विकास के लिए धन की कमी नहीं है पर धन का सदुपयोग कर विकास के कामों को ईमानदारी से करने वाल पैसे-पैसे के लिए धक्के खाते हैं और नकली योजनाओं पर अरबों रुपया डकारने वाले सरकार का धन बिना रुकावट खींच ले जाते हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस का क्या अर्थ लिया जाए? यही न कि हमने आजादी के नाम पर गोरे साहबों को धक्का देकर काले साहबों को बिठा दिया। पर काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप निकले। स्विटजरलैंड के बैंकों में सबसे ज्यादा काला धन जमा करने वालों में भारत काफी आगे है। इसलिए जरूरत है हमारी सोच में बुनियादी परिवर्तन की।

सब चलता है' और ऐसे ही चलेगा' कहने वाले इस लूट में शामिल हैं। जज्बा तो यह होना चाहिए कि देश सुधरेगा क्यों नहीं?' हम ऐसे ही चलने नहीं देंगे'। अब सूचना क्रांति का जमाना है। हर नागरिक को सरकार के हर कदम को जांचने-परखने का हक है। इस हथियार का इस्तेमाल पूरी ताकत से करना चाहिए। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न हो उसमें में जो लोग बैठे हैं, उन्हें भी अपना रवैया बदलने की जरूरत है। एक मंत्री या मुख्यमंत्री रात के अंधेरे में मोटा पैसा खाकर उद्योगपतियों के गैर- कानूनी काम करने में तो एक मिनट की देर नहीं लगाता। पर यह जानते हुए भी कि फलां व्यक्ति या संस्था राज्य के बेकार पड़े संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सकती है, उसके साथ वही तत्परता नहीं दिखाता।

आखिर क्यों? जब तक हम सही और अच्छे को बढ़ावा नहीं देंगे, उसका साथ नहीं देंगे, उसके लिए आलोचना भी सहने से नहीं डरेंगे तब तक कुछ नहीं बदलेगा। नारे बहुत दिए जाएंगे पर परिणाम केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे। सरकारों ने अगर अपने अधिकारियों के विरोध की परवाह करते हुए अपने कार्यकालों में कई सक्षम लोगों को यदि खुली छूट न दी होती तो अमूल और मेट्रो जैसे हजारों करोड़ के साम्राज्य कैसे खड़े होते? आम आदमी के लिए रोजगार का सृजन करना हो या देश की गरीबी दूर करना हो, सरकार की नीतियों में बुनियादी बदलाव लाना होगा। केवल आंकड़े ही नहीं साक्षात परिणाम देख कर भी नीति बननी चाहिए।

खोजी पत्रकारिता के चार दशक के मेरे अनुभव यही रहे कि बड़े से बड़ा भ्रष्टाचार बड़ी बेशर्मी से कर दिया जाता है पर सच्चाई और अच्छाई का डट कर साथ देने की हिम्मत हमारे राजनेताओं में नहीं है। इसीलिए देश का सही विकास नहीं हो रहा। खाई बढ़ रही है। हताशा बढ़ रही है। हिंसा बढ़ रही है। पर नेता चारों ओर लगी आग देख कर भी कबूतर की तरह आंखें बंद किये बैठे हैं। इसलिए फिर से समाज के मध्यम वर्ग को समाज के हित में सक्रिय होना होगा। मशाल लेकर खड़ा होना होगा। टीवी सीरियलों और उपभोक्तावाद के चंगुल से बाहर निकल कर अपने इर्द-गिर्द की बदहाली पर निगाह डालनी होगी ताकि हमारा खून खौले और हम बेहतर बदलाव के निमित्त बन सकें।विनाश के मूक द्रष्टा नहीं। तब ही हम सही मायने में आजाद हो पाएंगे। फिलहाल तो उन्हीं अंग्रेजों के गुलाम हैं जिनसे आजादी हासिल करने का मुगालता लिए बैठे हैं। हमारे दिमागों पर उन्हीं का कब्जा है जो घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है। ये बातें या तो शेखचिल्ली के ख्वाब जैसी लगती हैं या किसी संत का उपदेश। पर ऐसा नहीं है। इन्हीं हालात में बहुत कुछ किया जा सकता है। देश के हजारों लाखों लोग रात दिन निष्काम भाव से समाज के हित में समर्पित जीवन जी रहे हैं। हम इतना त्याग न भी करें तो भी इतना तो कर ही सकते हैं कि अपने इर्द-गिर्द की गंदगी को साफ करने की ईमानदार कोशिश करें।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनत्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी। नौकरी करने वाले लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको कार्य स्थल में सीनियर्स से तारीफ सुनने को मिल सकती हैं जिससे आपका मन खुशी से झूम उठेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और कोई बड़ी डील भी प्राप्त हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे ।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा उलझनों भरा हो सकता है। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक सकता है, जिसके कारण उनके माता-पिता परेशान हो सकते हैं।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा। आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं। छात्रों की बात करें, तो छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करन पड़ेगा। पति-पत्नी का आपसी सहयोगात्मक व्यवहार आपसी नजदीकियां बढ़ाएगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिंत हो जाए ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चो के प्रति सावधान रहन होगा। आप व्यर्थ के खर्चो पर अधिक ध्यान न दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों के लिस्ट बनएं कि किस समान की अधिक आवश्यकता है, केवल उसी समान को अधिक खरीदे। आपके घर के खर्च आपके लिए बहुत बड़ी परेशानी बन सकते हैं।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में अधिक खर्च होगा, जिससे आपका मन भी प्रसन्न होगा, जिससे उनको शांति भी मिलेगी। आपके परिवार में आपके कामों को देखते हुए आपकी प्रसिद्धि बहुत अधिक बढ़ सकती हैं। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन थोड़ा सा सावधानी से रहने वाला रहेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपने संतान की सेहत को लेकर लापरवाही न बरते अन्यथा आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। काम क्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आपका कोई धन संबंधित मामला आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है। आप अपनी माताजी से आज अपने मन की किसी इच्छा को जाहिर कर सकते हैं, जिसे वह पूरी अवश्य करेंगे, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करन चाहते हैं, उन्हें आज किसी संस्था से जुड़कर विदेश जाने का मौका मिलेगा।


# 'जब मीरा बोली गुरु मिलया रविदास जी..'

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

गुरु रविदास के पिता जूते बनाने व पुराने जुते ठीक करने का काम करते थे। रविदास बचपन में बहुत कुशाग्र व भगवान् को मानने वाले एक अच्छे बालक रहे। उन्हें उच्च कुल वालों के कारण हीन भावना का शिकार होना पड़ता था, गुरु रविदास ने समाज को बदलने के लिए अपनी कलम का सहारा लिया, वे अपनी रचनाओं में अच्छे जीवन के बारे में लोगों को समझाते थे।लोगों को शिक्षा भी देते थे कि व्यक्ति को बिना भेदभाव के सबसे अपने समान प्रेम करना चाहिए। अवतरित संतो में महान संत गुरु रविदास का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निकट सीर गोबर्धनगाँव में हुआ था। इनकी माता कलसा देवी व पिता संतोख दास थे,बहुत ही गरीबी में अपना जीवन यापन करते थे। लेकिन एक सरपंच के रूप में उनकी बहुत ख्याति भी थी। गुरु रविदास का जन्म सन1376-77 के आस पास हुआ था, ऐसा बताते है कुछ लोग सन 1399 में तो कुछ दस्तावेजों के अनुसार संत रविदास ने सन1450 से 1520 के बीच अपना जीवन इस धरा पर बिताया ।

रविदास ने गुरु पंडित शारदा नन्द की पाठशाला में शिक्षा प्राप्त की। पंडित शारदा नन्द ने रविदास की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें भगवान द्वारा भेजा हुआ एक बच्चा बताया और उन्हें शिक्षा दी। रविदास एक प्रतिभाशाली और मेहनती छात्र थे, उनके गुरु जितना उन्हें पढ़ाते थे, उससे ज्यादा वे अपनी समझ से शिक्षा गृहण कर लेते थे। पंडित शारदा नन्द अपने शिष्य रविदास से बहुत खुश रहते थे, उनके आचरण और प्रतिभा को देख वे सोचा करते थे कि रविदास एक दिन उच्चकोटि का आध्यात्मिक गुरु और महान समाज सुधारक बनेगा। उनके गुरु की यह सोच संत रविदास के प्रतिष्ठित होने पर चरितार्थ भी हुई।

रविदास के साथ पाठशाला में पंडित शारदा नन्द का बेटा भी पढ़ता था, वे दोनों अच्छे मित्र थे। एक बार वे दोनों छुपन छुपाई का खेल रहे थे,रात हो जाने पर बच्चों ने अगले दिन फिर से खेलना तय किया। दुसरे दिन सुबह रविदास खेलने के लिए आ गए लेकिन उनका गुरुभाई मित्र नहीं आया। तब वे उसके घर गए तो पता चला कि रात को उनके मित्र की मृत्यु हो गई थी। यह पता चलते ही शोक में डूबकर रविदास सुन्न हो गए है, तब उनके गुरु शारदा नन्द उन्हें मृत मित्र के पास ले गए रविदास अपने मृत मित्र



( संत रविदास जयंती पर विशेष )

से कहते है कि ये सोने का समय नहीं है, उठो और मेरे साथ खेलो।यह सुनते ही उनका मृत मित्र पुन: जीवित होकर खड़ा हो गया। जिससे हर कोई अचंभित हो गया । रविदास जैसे जैसे बड़े हुए भगवान राम के रूप के प्रति उनकी भक्ति बढ़ती गई। वे हमेशा राम, रघुनाथ, राजाराम चन्द्र, कृष्णा, हरी, गोविन्द आदि शब्दो का उपयोग करते थे,जो उनके धार्मिक होने का प्रमाण है। संत रविदास उस समय की कृष्ण भक्त मीरा बाई के धार्मिक गुरु भी थे। मीरा बाई राजस्थान के राजा की बेटी और चित्तोर की रानी थी। वे रविदास की शिक्षा से बहुत प्रभावित थी और वे रविदास की एक बड़ी अनुयायी बन गई । मीरा बाई ने अपने गुरु के सम्मान में कुछ पक्तियां भी लिखी थी, 'गुरु मिलया रविदास जी..' । मीरा बाई अपने दादा के साथ रविदास से मिलती रहती थी।एक दिन बार संत रविदास अपनी कुटिया में बैठे प्रभु स्मरण के साथ अपना कार्य कर रहे थे, तभी एक ब्राह्मण उनकी कुटिया पर आया और उनसे बोला कि वह गंगा स्नान करने जा रहा है, रास्ते में आपकी कुटिया दिखाई दी तो दर्शन करने चला आया। रविदास ने कहा कि आप गंगा स्नान करने जा रहे हैं, यह एक मुद्रा है, इसे मेरी तरफ से गंगा मैया को दे देना। ब्राह्मण जब गंगा तट पहुंचा और स्नान करके जैसे ही रुपया गंगा में डालने को उद्यत हुआ तो गंगा नदी में से गंगा मैया ने जल में से अपना हाथ निकालकर वह रुपया ब्राह्मण से ले लिया तथा उसके बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन दे दिया।ब्राह्मण जब गंगा मैया का दिया कंगन लेकर लौट रहा था तो वह नगर के राजा से मिलने चला गया। ब्राह्मण को विचार आया कि यदि यह कंगन राजा को दे दिया जाए तो राजा बहुत प्रसन्न होगा। उसने वह कंगन राजा को भेंट कर दिया। राजा ने बहुत-सी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी।

ब्राह्मण अपने घर चला गया। इधर राजा ने वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में बहुत प्रेम से पहनाया तो महारानी बहुत खुश हुई और राजा से बोली कि कंगन तो बहुत सुंदर है, परंतु यह क्या एक ही कंगन है, क्या आप ऐसा ही एक और कंगन नहीं मंगा सकते?

राजा ने अपनी रानी को ऐसा ही एक और कंगन मंगवा कर देने का भरोसा दिया। राजा ने उसी ब्राह्मण को खबर भिजवाई कि जैसा कंगन मुझे भेंट किया था वैसा ही एक और कंगन उन्हें तीन दिन में लाकर दो वरना राजा के दंड भोगना पड़ेगा। यह सुनते ही ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह पछताने लगा कि मैं व्यर्थ ही राजा के पास गया,अब दूसरा कंगन कहां से लाऊं? वह रविदास की कुटिया पर पहुंचा और उन्हें पूरा वृत्तांत बताया कि गंगा ने आपकी दी हुई मुद्रा स्वीकार करके मुझे एक सोने का कंगन दिया था, वह मैंने राजा को भेंट कर दिया था। अब राजा ने मुझसे वैसा ही कंगन मांगा है, यदि तीन दिन में राजा को दूसरा कंगन नहीं दिया तो राजा उन्हें कठोर दंड देगा।

यह सुन संत रविदास ने अपनी वह कठौती उठाई जिसमें वे चर्म गलाते थे। उसमें जल भरा हुआ था।उन्होंने गंगा मैया का आह्वान कर अपनी कठौती से जल छिड़का तो गंगा मैया प्रकट हो गई।रविदास के आग्रह पर गंगा ने एक और कंगन ब्राह्मण को दे दिया। ब्राह्मण खुश होकर राजा को वह कंगन भेंट करने चला गया, ऐसे थे महान संत थे गुरु रविदास ।

'मन चंगा तो कठौती में गंगा'

संत रविदास की यह कहावत बहुत प्रसिद्ध है। इस कहावत के द्वारा संत रविदास मन की पवित्रता पर जोर देते हैं। सन्त रविदास कहते हैं, जिस व्यक्ति का मन पवित्र होता है, उसके बुलाने पर मां गंगा एक कठौती में भी आ जाती हैं।यह बात संत रविदास ने सिद्ध भी की।वही रविदास कहते है,

ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन,
पूजिए चरण चंडाल के जो होने गुण प्रवीन।।

तभी तो कहा जाता है कि परमात्मा भी जब जब धरा पर पाप बढ़ते है तो भारत मे ही साधारण तन में आकर जगत का कल्याण करते है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं आध्यात्मिक चिंतक है)

K ✌ K

# राष्ट्रीय समाचार



बुधवार 12 फरवरी 2025 ,नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

## सीएम योगी की दो टूक, ‘ जो हमेशा वीआईपी कल्चर में रहे हैं, वो कुंभ को लेकर नकारात्मकता फैला रहे’

लखनऊ ,(आरएनएस)। महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। महाकुंभ से जुड़े कुछ नकारात्मक विचारों और सवालों पर तीखा विरोध करते हुए सीएम योगी ने कहा कि ये वे ही लोग हैं जो हमेशा वीआईपी कल्चर में रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 29 दिनों में महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जबकि कुछ लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं और सनातन धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं।



इससे पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना लगाते हुए उन्हें संकीर्ण सोच का आरोप लगाया। मौर्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, अखिलेश यादव जी, महाकुंभ को लेकर अनर्गल प्रलाप बंद कीजिए! संपूर्ण देश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। सरकार और भाजपा कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के संकल्प के साथ दिन-रात श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। आपकी राजनीति आस्था और व्यवस्थाओं को नीचा दिखाने तक ही सीमित रह गई है। महाकुंभ भारतीय संस्कृति का गौरव है, और इस पर सवाल उठाकर आप अपनी संकीर्ण सोच ही दर्शा रहे हैं!देश और दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन महाकुंभ में जारी है। देशभर के कई फिल्मी सितारे और बड़े राजनेता इस संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक मेले की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। सोमवार को शाम 6 बजे तक 1.10 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, जबकि कुल स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के पार जा चुकी है।

## इंडिया एनर्जी वीक 2025 में पीएम मोदी ने कहा- भारत विकास और पर्यावरण दोनों को समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा के दौरान वर्चुअली ‘इंडिया एनर्जी वीक 2025’ को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत केवल अपनी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की विकास यात्रा को गति दे रहा है, और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाएं पांच स्तंभों पर आधारित हैं। संसाधनों का कुशल दोहन, नवाचार को बढ़ावा, मजबूत अर्थव्यवस्था और स्थिर राजनीतिक स्थिति, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और वैश्विक स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता जोड़ने, भारतीय रेलवे को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने और हर साल 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये लक्ष्य महत्वाकांक्षी लग सकते हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता को दर्शाती हैं।

प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि



देश ने पिछले 10 वर्षों में दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है, जिससे देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता भी तीन गुना बढ़ी है।

मोदी ने कहा कि भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला जी-20 देश है। उन्होंने इथेनॉल सम्मिश्रण की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भारत में 19 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण किया जा रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत हुई है, किसानों की आय बढ़ी है और कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। भारत अक्टूबर 2025 से पहले 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत के नेतृत्व में बने ‘ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस’ से 28 देश और 12 अंतरराष्ट्रीय संगठन जुड़ चुके हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने हाइड्रोकार्बन संसाधनों की संभावनाओं को पूरी तरह से तलाशने के लिए सुधार कर रहा है। बड़ी खोजों और गैस बुनियादी ढांचे के विस्तार के कारण भारत का गैस क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब है और सरकार इसे 20 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की तलछटी घाटियों (सेडीमेंटरी बेसिन) में कई हाइड्रोकार्बन संसाधन हैं, जिनमें से कुछ की खोज हो चुकी है और कुछ की खोज बाकी है।

## बिहार के पूर्वी चंपारण में दवा खाने से दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार

पटना ,(आरएनएस)। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक सरकारी स्कूल में सोमवार को एल्बेंडाजोल की गोली खाने के बाद दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार हो गए। यह घटना मधुबन प्रखंड के कोइलहारा गांव स्थित ‘उत्क्रमित मध्य विद्यालय’ में हुई। घटना के बाद छात्रों की तबीयत बिगड़ने से उनके अभिभावक घबरा गए और उन्होंने स्कूल में हंगामा किया। गुस्साए अभिभावकों ने कुछ समय के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों को बंधक बना लिया। स्थिति को संभालने के लिए एक मेडिकल टीम तुरंत स्कूल पहुंची और बीमार छात्रों को इलाज के लिए मधुबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया।

इलाज के बाद सभी छात्रों की हालत में सुधार हुआ। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग पूरे जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चला रहा है, जिसमें सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल और डीसी फोर्ट की दवा दी जा रही है। सोमवार को दवा लेने के बाद कई बच्चों ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।मेडिकल टीम ने सभी प्रभावित छात्रों का तुरंत इलाज किया। जिन बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया उनमें अंशु कुमारी, अदिति कुमारी, ज्योति कुमारी, साहीदा खातून, लाडली प्रवीण, कुसमुन खातून, अन्या प्रवीण, सान्या रानी, रंजन कुमार, साई राजा, नबी हसन, अरबाज आलम और कुदुस आलम शामिल हैं।

इलाज के बाद अधिकतर बच्चों की तबीयत ठीक हो गई और कुछ को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हालांकि, कुछ बच्चे अभी भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं।



महाविकास अघाड़ी की सांसद सुप्रिया सुले, प्रणीति शिंदे और अन्य ने नई दिल्ली में संसद भवन के बाहर सोयाबीन की खरीद की अवधि बढ़ाने और महाराष्ट्र के किसानों के लिए उचित मूल्य की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

## केजरीवाल के साथ बैठक कर सीएम मान का कांग्रेस पर तंज.....बाजवा बीते तीन साल से यही दावा कर रहे

### आप नेताओं की दो टूक, पंजाब में मान ही सीएम



नई दिल्ली (ए)। दिल्ली के कपूरथला हाउस में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपनी कैबिनेट, विधायकों और सांसदों के साथ आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। बैठक में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी शामिल हुए। बैठक का मकसद पंजाब में सरकार के कार्यों की समीक्षा और आगामी चुनावों की रणनीति तैयार करना था।

बैठक के बाद सीएम मान ने बताया कि पंजाब सरकार जनता के हित में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा, पंजाब में हमारी सरकार ने बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम किए हैं। हमें इन प्रयासों को और तेज करने वाले है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने 10 सालों में जितना विकास किया, उतना पिछले 75 वर्षों में किसी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुआ। हम पंजाब को एक मॉडल राज्य बनाएंगे, इस मॉडल को पूरा देश देखेगा। मान ने कहा कि बड़ी कंपनियां पंजाब में निवेश कर रही हैं, इसमें ग्रासिम और टाटा स्टील जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। वहीं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया कि आप के 30 विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं। इस पर मान ने पलटवार कर कहा, बाजवा बीते तीन साल से यही दावा कर रहे हैं। उन्हें आप विधायकों की बजाय कांग्रेस के विधायकों की संख्या गिननी चाहिए। उनपर नजर रखनी चाहिए।वहीं, भाजपा नेता तरुण चुघ और नए विधायक मजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि केजरीवाल मान को मुख्यमंत्री पद से हटाने की योजना बना रहे हैं। इस पर आप नेता गुरमीत सिंह मीत और अमन अरोड़ा ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि आप पूरी तरह से एकजुट है और पंजाब में मान ही मुख्यमंत्री हैं। बैठक के दिल्ली में होने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं।

पार्टी नेताओं का कहना है कि पंजाब सरकार को मान नहीं, बल्कि दिल्ली से केजरीवाल चला रहे हैं। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में हार के बाद केजरीवाल को खुद पंजाब जाकर विधायकों से मिलना चाहिए था।वहीं आप की पंजाब इकाई अब 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुअ गई है। पार्टी का मानना है कि दिल्ली के अनुभव का लाभ उठाकर पंजाब को नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकते है।

हालांकि, विपक्षी दलों ने सरकार की विफलताओं को उजागर कर मान सरकार को घेरने की तैयारी कर ली है।

## माघ पूर्णिमा स्नान पर प्रयागराज महाकुंभ में होगा विशेष यातायात प्रबंध

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष यातायात योजना बनाई है। इसके अंतर्गत, 11 फरवरी 2025 की सुबह 4:00 बजे से संपूर्ण मेला क्षेत्र को ‘नो व्हीकल जोन’ घोषित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम स्नान के लिए केवल आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी।

प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी व सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह 4:00 बजे के बाद संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। इससे शहर में यातायात अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु पैदल सुगमता से स्नान घाटों तक पहुंच सकेंगे।

श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम 5:00 बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी ‘नो व्हीकल जोन’ घोषित किया है।

## महाकुंभ से वाराणसी पहुंचे अखाड़े, चुनाव के लिए साधु-संतों में होगी चर्चा



प्रयागराज (ए)। प्रयागराज महाकुंभ के तीन अमृत स्नान पूरे होने के बाद सभी अखाड़े वाराणसी पहुंचे हैं। वाराणसी में होने वाले समागम को साधु-संतों का कुंभ कहते है। इसमें लोगों की मौजूदगी न के बराबर होती है। दरअसल, ये समागम अखाड़ों के चुनाव के लिए होता है। यहां अखाड़ों की सरकार तय होती है, जो अगले 3 और 6 साल के लिए चुनी जाती है। चुनाव का ये क्रम प्रयागराज में कुंभ से अर्द्धकुंभ और अर्द्धकुंभ से कुंभ, इसी तरह चलता है। देश में 13 अखाड़ों को धार्मिक तौर पर मान्यता प्राप्त अखाड़े माना जाता है। इसमें श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़ा, श्री पंचायती आनंद अखाड़ा, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा, श्री पंच अग्नि अखाड़ा महाराज, श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी, श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण, श्री पंचायती नया निर्वाण उदासीन अखाड़ा और श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा शामिल हैं।इन अखाड़ों के पास पूरे देश में मठ-मंदिर सहित करोड़ों की जमीन और अन्य संपत्ति है। सिर्फ निरंजनी अखाड़े के पास मठ-मंदिरों और अन्य जमीनों की कुल संपत्ति 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक, उज्जैन, मिर्जापुर, माउंटआबू, जयपुर, वाराणसी, नोएडा, वडोदरा में निरंजनी अखाड़े के मठ और आश्रम हैं।इसी तरह निर्वाणी अखाड़े के पास फैजाबाद, गोंडा, बस्ती, प्रतापगढ़ में काफी जमीनें हैं।

सांड के सवार बनने की अनोखी दास्तान

## जयपुर की लो-फ्लोर बस में सांड की वजह से हंगामा

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर में सोमवार रात एक अजीबो-गरीब घटना घटी, जब लो-फ्लोर बस को सवारियों की नहीं, बल्कि एक गुस्साए सांड की मेहमाननवाजी करनी पड़ी। हरमाड़ा थाना इलाके के टोड़ी मोड़ पर दो सांडों के आपसी संघर्ष का मैदान बस के अंदर जा पहुंचा, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया।सूत्रों के मुताबिक रात करीब 8-30 बजे अजमेरी गेट से हरमाड़ा के लिए रवाना हुई बस जब टोड़ी मोड़ पर रुकी, तभी दो झगड़ते सांड वहां आ धमके। इनमें से एक सांड बस में घुस गया, जिससे अंदर बैठी गिनी-चुनी सवारियों की सांसें अटक गईं। जान बचाने के लिए लोग खिड़कियों से कूदने लगे, जबकि ड्राइवर और कंडक्टर भी दरवाजे से निकलकर भाग निकले।

बस के अंदर घुसे सांड ने शीशे तोड़ दिए और अंदर जमकर उत्पात मचाया। वहीं, दूसरा सांड बस के दरवाजे पर खड़ा रहा, जिससे कोई दोबारा बस के पास फटकने की हिम्मत नहीं कर सका। स्थानीय लोग बस को भगाने के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन ड्राइवर-कंडक्टर की गैरमौजूदगी में कोई उसे हिला भी नहीं सका।

करीब आधे घंटे तक यह अनोखा ड्रामा चलता रहा, जब तक स्थानीय लोगों ने सांडों को किसी तरह अलग नहीं किया। इसके बाद ही बस को दोबारा कब्जे में लिया जा सका। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बस के अंदर घुसे सांड को तांडव मचाते और ड्राइवर-कंडक्टर को जान बचाकर भागते हुए देखा जा सकता है।

इस घटना ने प्रशासन पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिरकार, शहर में बेसहारा पशुओं की ऐसी स्थिति क्यों बनी हुई है कि वे सड़कों और अब बसों तक में घुसने लगे हैं? दूसरी ओर, यह वाकया उन यात्रियों के लिए भी एक चेतावनी है कि कभी भी कुछ भी हो सकता है इसलिए सफर करते समय सतर्क रहना ही बेहतर है।

## महाकुंभ हादसे से सरकार को लेना चाहिए सबक, सुरक्षा व्यवस्था बड़ी जिम्मेदारी - विक्रमादित्य सिंह

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने महाकुंभ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से वहां गया था ,तब स्थिति सामान्य थी। लेकिन जिस तरह की खबरें सामने आ रही हैं, वो ठीक नहीं हैं।

बीते कुछ दिनों से जो जानकारी सामने आ रही है, वो काफी भयावह है। वहां पर काफी हड़कंप की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं ट्रैफिक में भी समस्या हो रही है, ऐसे में मेरा यही कहना है कि प्रदेश सरकार को बड़ा कदम उठाना चाहिए। पूरे देश और विश्व से लोग आ रहे हैं और स्थिति को सामान्य बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पहले भी शुरुआती दिनों में कई लोगों की दुखद मृत्यु हुई है, इससे सबक लेना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि पुख्ता इंतजाम के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। साथ ही स्थिति को सामान्य बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि लाखों की संख्या में लोग वहां स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। 26 फरवरी तक महास्नान होना है, ऐसे में सरकार को देखना चाहिए कि कोई अप्रिय अनहोनी न हो। हिमाचल प्रदेश के भी काफी लोग महाकुंभ जा रहे हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षित वापसी हम सब की जिम्मेदारी है।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए भाजपा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी खुद को मजबूत करेगी और एक ताकत बनकर उभरेगी।



राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह नई दिल्ली स्थित संसद भवन में पोलैंड की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष श्री पावेल कोवल के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करते हुए.

## सांसद विजय कुमार ने आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर दिया स्थगन प्रस्ताव, चर्चा की उठाई मांग

नई दिल्ली, (आरएनएस)। संसद सदस्य विजय कुमार उर्फ विजय वसंत ने मंगलवार को लोकसभा में एक स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इसमें उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति पर चर्चा की मांग की।

संसद सदस्य ने अपने नोटिस में कहा कि यह समस्या लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। इसके लिए सरकार को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

विजय कुमार ने अपने नोटिस के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि वह दूध, सब्जियों, खाना पकाने के तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में हो रही निरंतर वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखे और इसे नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए। जीवन की बढ़ती लागत आम आदमी के लिए बड़ा बोझ बन चुकी है। इसके बावजूद, सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कोई प्रभावी योजना नहीं बनाई है।


सांसद ने अपने नोटिस में कहा कि पिछले कुछ महीनों में दूध की कीमतों में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है, जो लाखों भारतीय परिवारों के लिए चिंता का कारण बन गई है। इसके अलावा, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत में वृद्धि हुई है, जिससे अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ रही हैं। सरकार ने इन समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाया है।

विजय कुमार ने यह भी बताया कि औसत भारतीय श्रमिक की वास्तविक मजदूरी पिछले कुछ वर्षों में या तो स्थिर रही है या घट गई है, जिससे आम लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है। इसके साथ ही, सरकार की कर नीतियों और जीएसटी ने रोजमर्रा की वस्तुओं को महंगा बना दिया है। इस स्थिति का असर देश की आर्थिक वृद्धि पर पड़ रहा है, क्योंकि घरेलू खपत में कमी आ रही है और लोग खर्च में कटौती करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। विजय कुमार ने मांग की कि सरकार को इन बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## आंध्र प्रदेश : इंजीनियरिंग छात्रा से बलात्कार और ब्लैकमेल करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

विजयवाड़ा (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस ने सोमवार को एक इंजीनियरिंग छात्रा से बलात्कार और ब्लैकमेल करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।बीटेक की छात्रा द्वारा नंदीगामा ग्रामीण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार, पीड़िता परिटाला के एक छात्रावास में रहती थी और एनटीआर जिले के कांचीकाचेरला स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी।हिरासत में भेजे गए लोगों में शेख गली सईदा, शेख हुसैन और चिंतला प्रभु कुमार शामिल हैं।लड़की अपने दोस्त प्रभु कुमार के बहुत करीब थी और वे अक्सर रेस्तरां में जाते थे। प्रभु कुमार ने हाल ही में अपने दोस्त हुसैन को लड़की से मिलवाया। कुछ दिनों के बाद हुसैन ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और उसे लंच पर बाहर ले गया।उसी क्षेत्र में रहने वाले सईदा ने लड़की से दोस्ती की और उसे बताया कि हुसैन और प्रभु बुरे चरित्र के हैं तथा उसे उनसे दूर रहना चाहिए। सईदा ने 12 जनवरी को लड़की को अपने घर पर एक समारोह में बुलाया था। जब लड़की उसके घर पहुंची तो वह अकेला था। उसने लड़की का यौन शोषण किया और उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो बना लिए।

## 44 की उम्र में कटआउट ड्रेस पहन श्वेता तिवारी ने सोशल मीडिया पर बरपाया कहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस 44 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और सेक्सी अंदाज देखकर लोगों की नजरें उनपर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।भोजपुरी इंडस्ट्री से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बनती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल हे में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।श्वेता तिवारी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है।एक्ट्रेस की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर का स्टाइलिश कटआउट बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।बालों का हाई बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस भी मंत्रमुग्ध हो गए हैं। श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

## वेलेंटाइन प्री-वीकेंड में टॉप्स में सनम तेरी कसम, लवयापा-बदमाश रविकुमार को धूल चटाने के बाद ये जवानी है दीवानी को दी मात

9 साल पुरानी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम ने अपनी री-रिलीज पर पहले वीकेंड में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया है और यह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड की फिल्मों में से एक बन गई है. हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की यह रोमांटिक फिल्म वेलेंटाइन प्री-वीकेंड में सबसे ऊपर है. यह इस वीक बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई नई फिल्में लवयापा और बदमाश रविकुमार को भी कड़ी टक्कर दे रही है. वहीं, टिकट बुकिंग के मामले में इसने रणबीर कपूर-दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी को भी पीछे छोड़ दिया है.हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन स्टारर सनम तेरी कसम ने अपने शुरुआती दौर में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी. इसने मूल रूप से बॉक्स ऑफिस पर मात्र 9 करोड़ रुपये की लाइफटाइम कमाई की थी. लेकिन जब 7 फरवरी को फिल्म को फिर से रिलीज किया गया. इसने अपनी कमाई का पूरा फायदा उठाया, जबकि इस फिल्म का बिल्कुल भी प्रमोशन नहीं हुआ था. सनम तेरी कसम ने अपने पहले दिन ही इतिहास रच दिया. मेकर्स के मुताबिक, ओपनिंग डे पर 5.14 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की, जो किसी भी दोबारा रिलीज होने वाली फिल्म के लिए अब तक का सबसे अच्छा ओपनिंग डे है. इसके बाद शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी देखी गई. इसने री-रिलीज के दूसरे दिन 6.22 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया।

# इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं रश्मि देसाई

***अभिनेत्री रश्मि देसाई कई सफल टीवी शो में काम कर चुकी हैं। हालांकि, कुछ निर्देशकों के साथ वह काम नहीं कर पाई हैं। उन्होंने अपनी ख्वाहिश का इजहार किया और बताया कि कौन-कौन से निर्देशकों के साथ वह काम करना चाहती हैं।***



रश्मि देसाई ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है और आज फिर कहूंगी। मैं इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे इस जीवन में उनके साथ काम करने का अवसर जरूर मिलेगा। जिस तरह से वे लोगों को जीवन के प्रति एक नया नजरिया देते हैं, वह बहुत खूबसूरत है।

उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बॉलीवुड, टीवी कलाकारों को टाइपकास्ट करता है। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, वे करते हैं, कठिनाई जीवन का एक हिस्सा है। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं, जब आप अच्छा काम करते हैं, तो आपको अपने परिश्रम का फल जरूर मिलता है। आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे आपको टीवी एक्टर, ओटीटी एक्टर, फिल्म एक्टर बनाते हैं, लेकिन मुझे लगता है, एक एक्टर एक एक्टर है।

रश्मि देसाई आखिरी बार व्यंग्य एक्शन कॉमेडी 'हिसाब बराबर' में नजर आई थीं। फिल्म की कहानी लिखने के साथ निर्देशन भी अश्विनी धीर ने ही किया। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो ने एसपी सिनेकॉर्प के सहयोग से किया है।

रश्मि देसाई के साथ इस प्रोजेक्ट में आर. माधवन मुख्य भूमिका में हैं। इसके साथ ही फिल्म में नील नितिन मुकेश, कीर्ति कुल्हारी और फैजल राशिद समेत अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।फिल्म की कहानी एक रेलवे टिकट परीक्षक राधे मोहन शर्मा पर आधारित है, जो अपने बैंक खाते में एक छोटी सी गड़बड़ी को नोटिस करता है। इस मुद्दे को सुलझाने के अपने प्रयास के दौरान वह एक बैंकर मिकी मेहता से जुड़े एक बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश करता है।

'हिसाब बराबर' का प्रीमियर 26 नवंबर 2024 को गोवा में भारत के 55वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। फिल्म को 24 जनवरी 2025 को जी5 पर रिलीज किया गया था।

## *नागा चैतन्य-साई पल्लवी की लव स्टोरी ने दुनियाभर में मचाई तबाही, थंडेल की तीसरे दिन की कमाई ने तोड़ा रिकॉर्ड*

*नागा चैतन्य और साई पल्लवी की स्टारर थंडेल 7 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई, इसे हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज किया गया. फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है वहीं यह घरेलू कलेक्शन के साथ ही दुनियाभर में जबरदस्त कमाई कर रही है. थंडेल में नागा मछुआरे के ग्रुप के लीडर होते हैं और मछली पकड़ने के दौरान कुछ मछुआरों के साथ वे पाकिस्तान के जलक्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं. अपने 3 महीने की छुट्टी में वे ज्यादातर टाइम उनकी गर्लफ्रेंड साई पल्लवी के साथ बिताते हैं. फिल्म की कहानी प्यार, बदला, साहस, देशभक्ति की भावना से भरपूर है और इस अनोखी लव स्टोरी को दुनियाभर के दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं. थंडेल के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर किया है. बता दें थंडेल ने दुनियाभर में तीन दिन में 62.37 करोड़ का कलेक्शन किया है जो कि शानदार है. अजित कुमार की विदामुयार्ची से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद फिल्म ने बेहतर प्रदर्शन किया है. इसके साथ ही थंडेल नागा चैतन्य की सबसे तेज 60 करोड़ कमाने वाली फिल्म भी बन गई है. थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और 11.5 करोड़ के साथ जबरदस्त ओपनिंग की. फिल्म ने पहले दिन तेलुगु में सबसे ज्यादा 11.3 करोड़, हिंदी में 0.12 करोड़ और तमिल में 0.08 करोड़ की कमाई की. दूसरे दिन फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 12.1 करोड़ कमाए. वहीं तीसरे दिन की कमाई की बात करों तो फिल्म ने 5.22त्न ग्रोथ के साथ 12.25 करोड़ की कमाई की. तरह फिल्म का तीन दिनों का टोटल घरेलू कलेक्शन 35.85 करोड़ रहा.साई पल्लवी और नागा चैतन्य ने इससे पहले 2021 में लव स्टोरी में कोलेब किया था. साई और नागा के अलावा फिल्म में प्रकाश बेलावाड़ी, दिव्या पिल्लई, राव रमेश, करुणाकरण, बबलू पृथ्वीराज और किशोर राजू वशिष्ठ जैसे कलाकारों ने खास रोल प्ले किया है।*




## बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी, देवा की कमाई में मामुली बढ़ोतरी

अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और सारा अली खान जैसे बड़े सितारों से सजी फिल्म स्काई फोर्स को सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है। यह फिल्म पहले ही दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।स्काई फोर्स इस साल की सुपरहिट फिल्मों की सूची में अपना नाम दर्ज करवा चुकी है।

आइए बताते हैं इस फिल्म ने 17वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, स्काई फोर्स ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे रविवार को 1.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 129.3 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का अनुमानित बजट 160 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।गौरतलब है कि अक्षय पिछले काफी समय से एक हिट फिल्म के लिए तरस रहे हैं और अब आखिरकार स्काई फोर्स उनके लिए संजीवनी बूटी बनकर आई है।

दूसरी ओर शाहिद कपूर की फिल्म देवा को बीते 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह था, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। फिल्म के कारोबार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा।अब देवा की कमाई के 10वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 1.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 31.75 करोड़ रुपये हो गया है।




# वैलेंटाइन डे पर अपने प्यार का इजहार करने के लिए आजमाएं ये 5 रचनात्मक और रोमांटिक तरीके



वैलेंटाइन डे प्यार का त्योहार है, जब लोग अपने खास व्यक्ति को अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। इस मौके पर अगर आप भी किसी को अपना वैलेंटाइन बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए मददगार हो सकता है। यहां हम आपको कुछ अनोखे और रोमांटिक तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने दिल की बात कह सकते हैं और अपने रिश्ते में एक नई शुरुआत कर सकते हैं।ये तरीके सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली साबित हो सकते हैं।

### एक प्यारा-सा नोट लिखें

कभी-कभी शब्दों में वो जादू होता है, जो किसी और चीज में नहीं।एक प्यारा-सा नोट लिखकर आप अपनी भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त कर सकते हैं। इसमें आप अपनी पसंदीदा यादें साझा कर सकते हैं या फिर उनके बारे में कुछ खास बातें लिख सकते हैं, जो आपको बहुत पसंद हों।

इस नोट को एक सुंदर लिफाफे में डालकर उन्हें दें या उनके बैग में छुपा दें ताकि वे इसे अचानक पाकर खुश हो जाएं।

### फूलों के साथ सरप्राइज करें

फूल हमेशा से ही प्यार का प्रतीक रहे हैं।

गुलाब के फूलों का गुलदस्ता देकर आप अपने दिल की बात आसानी से कह सकते हैं। अगर आपके पास समय हो तो खुद जाकर फूल चुनें और उन्हें खूबसूरती से सजाएं।

इसके साथ एक छोटा सा कार्ड जोड़ें, जिसमें लिखा हो कि क्या तुम मेरी वैलेंटाइन बनोगी? यह तरीका सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली होता है।

### रोमांटिक डिनर प्लान करें

अपने प्यार का इजहार करने के लिए एक खास डिनर डेट प्लान करना भी एक बेहतरीन तरीका हो सकता है।

घर पर ही कैंडल लाइट डिनर तैयार करें या फिर किसी अच्छे रेस्टोरेंट में टेबल बुक करें, जहां माहौल रोमांटिक हो।

खाने के दौरान सही समय देखकर उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगी? यह पल आपके रिश्ते को और मजबूत बना सकता है।

### गाने के जरिए इजहार करें

अगर आपको गाना आता है तो यह तरीका आपके लिए सबसे अच्छा साबित हो सकता है।

उनके लिए कोई खास गाना गाएं, जो आपकी भावनाओं को व्यक्त करता हो।

लाइव गाना मुश्किल लगे तो पहले से रिकॉर्ड करके भेज दें या वीडियो कॉल पर गाकर सुनाएं।

संगीत की ताकत शब्दों से ज्यादा होती है और यह आपके दिल की बात को उनके दिल तक पहुंचाने का बेहतरीन जरिया बन सकता है।

इससे आपका इजहार और भी खास बन जाएगा।

### फोटो एलबम बनाएं

अपनी भावनाओं को जाहिर करने के लिए अपने पार्टनर के साथ बिताए गए पलों की तस्वीरों का एलबम बनाकर देना भी एक अनोखा तरीका हो सकता है।

इसमें उन सभी यादगार पलों की तस्वीरें शामिल करें, जिन्हें आपने साथ बिताया हो और हर तस्वीर के नीचे कुछ प्यारे शब्द लिखें जो उस पल की अहमियत बताते हों।

अंत में उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगे?

# ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



ब्यूटी ब्लेंडर का उपयोग मेकअप में एक अहम भूमिका निभाता है। यह चेहरे पर मेकअप को समान रूप से लगाने में मदद करता है, लेकिन इसका सही तरीके से सफाई करना भी उतना ही जरूरी है।

अगर इसे ठीक से साफ नहीं किया जाए तो यह बैक्टीरिया का घर बन सकता है और त्वचा पर दाने या संक्रमण पैदा कर सकता है।

आइए आज हम आपको ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने की कुछ सरल टिप्स देते हैं।

### गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करें

ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए सबसे आसान तरीका गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करना है।

लाभ के लिए सबसे पहले एक कटोरी में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा सा माइल्ड फेसवॉश या बेबी शैंपू मिलाएं। अब अपने ब्यूटी ब्लेंडर को इस मिश्रण में डुबोएं और हल्के हाथों से निचोड़ें ताकि सारा मेकअप निकल जाए। इसके बाद इसे साफ पानी में धोकर सुखा लें।

### माइक्रोवेव विधि अपनाएं

माइक्रोवेव विधि ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए असरदार है।

इसके लिए एक माइक्रोवेव-सुरक्षित कप में पानी भरें और उसमें थोड़ा लिक्विड सोप मिलाएं। अब ब्यूटी ब्लेंडर को इसमें डालकर कप को माइक्रोवेव में 30 सेकंड तक गर्म करें। इस प्रक्रिया से बैक्टीरिया मर जाते हैं और स्पंज पूरी तरह साफ हो जाता है।

ध्यान रखें कि कप को माइक्रोवेव से निकालते समय सावधानी बरतें क्योंकि यह गर्म हो सकता है।

### जैतून के तेल का प्रयोग करें

अगर आपके ब्यूटी ब्लेंडर पर जिद्दी दाग हैं तो जैतून तेल आपकी मदद कर सकता है।

एक प्लेट में थोड़ा जैतून तेल डालें और उसमें स्पंज को घुमाएं ताकि तेल हर जगह लग जाए। यह प्रक्रिया दागों को ढीला करने में मदद करती है। इसके बाद इसे साबुन वाले पानी में अच्छी तरह से धोएं ताकि सारा तेल और दाग निकल जाएं।

यह तरीका आपके स्पंज को मुलायम बनाए रखेगा और उसकी सफाई भी सुनिश्चित करेगा।

### सिरका और नींबू का मिश्रण आजमाएं

सिरका और नींबू का मिश्रण ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए एक बेहतरीन उपाय है। ये प्राकृतिक क्लीनिंग एजेंट्स बैक्टीरिया हटाने में मदद करते हैं।

एक कटोरी में बराबर मात्रा में सिरका और नींबू का रस मिलाएं, फिर इसमें अपने ब्यूटी ब्लेंडर को कुछ मिनटों के लिए भिगो दें ताकि गंदगी ढीली हो जाए। इसके बाद इसे ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। यह प्रक्रिया आपके स्पंज को साफ कर देती है।

### ब्रश क्लीनिंग पैड का इस्तेमाल करें

ब्रश क्लीनिंग पैड का उपयोग ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए बहुत कारगर होता है।सबसे पहले पैड पर हल्का साबुन लगाएं, फिर अपने स्पंज को इस पर गोल-गोल घुमाते हुए रगड़ें। इससे स्पंज में फंसी गंदगी आसानी से बाहर आ जाती है और वह पूरी तरह से साफ हो जाता है।इसके बाद इसे साफ पानी में अच्छी तरह धो लें और फिर सूखने के लिए रख दें ताकि यह दोबारा उपयोग के लिए तैयार हो सके।

## ट्रंप का एक और बड़ा एक्शन, यूएस फॉरेन करप्शन एक्ट निलंबित; अदाणी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी

वाशिंगटन(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी यूएस फॉरेन करप्शन एक्ट (एफसीपीए) के प्रवर्तन को आसान बनाने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत अब इस कानून का कार्यान्वयन रुक गया है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देने से रोकता है। इसके साथ ही ट्रंप प्रशासन ने दावा किया कि इस प्रतिबंध से अमेरिकी कंपनियों को नुकसान होता है।

ट्रंप के इस फैसले के बाद अदाणी ग्रुप के शेयरों में मंगलवार को मजबूती देखने को मिली। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 1977 में लागू होने के बाद से फॉरेन कप्शन एक्ट (एफसीपीए) में व्यवस्थित रूप से मापदंड बढ़ाया जाता रहा है और अब यह उचित सीमा से परे बढ़ाया गया है और इस तरह से दुरुपयोग किया गया है जो अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचाता है।

बयान में आगे कहा गया कि वर्तमान एफसीपीए कानून अमेरिका की विदेश नीति के उद्देश्यों में बाधा डालता है और इसलिए विदेशी मामलों पर राष्ट्रपति के अनुच्छेद II के अधिकार को प्रभावित करता है।

एफसीपीए अमेरिकी संबंधों वाली किसी भी कंपनी या व्यक्ति को विदेशों में व्यापार सुरक्षित करने के लिए विदेशी अधिकारियों को धन या उपहार देने से रोकता है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान इस कानून को खत्म करने पर विचार किया था।

इस डेवलपमेंट के बाद अदाणी ग्रुप के सभी शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी पावर के शेयर में 4-4 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी जा रही है। नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड का शेयर में 3 प्रतिशत की बढ़त बनी हुई है। इसके अलाना अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है।

## इजरायली कैबिनेट युद्ध विराम के अगले चरण पर करेगी चर्चा

यरूशलम ,(ए)। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के प्रवक्ता ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इजरायल की कैबिनेट गाजा युद्ध विराम के अगले चरण पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को बैठक करेगी।बयान के अनुसार, गाजा युद्धविराम पर कतर में वार्ता के लिए इजरायली प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह इजरायल लौट आया।पिछले हफ्ते नेतन्याहू की वाशिंगटन यात्रा के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने युद्धविराम के दूसरे चरण के बारे में इजरायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता के लिए रविवार को दोहा की यात्रा की।हालांकि, नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने केवल तकनीकी मामलों पर ध्यान केंद्रित किया न कि उन प्रमुख मुद्दों पर जिन पर अभी सहमति नहीं बनी है।15 महीने के विनाशकारी युद्ध के बाद 19 जनवरी को लागू हुए युद्ध विराम के तहत, 21 बंधकों- 16 इजरायली और पांच थाई को इजरायली जेलों से रिहा किए गए, सैकड़ों फिलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से रिहा किया गया। 70 से अधिक बंधक अभी भी गाजा में हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, समझौते के पहले चरण के तहत, इजरायल के कुल 33 बंधकों और फिलिस्तीन के लगभग 2,000 बंदियों को रिहा किए जाने की उम्मीद है। रविवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दृढ़ रुख को दोहराते हुए, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने तीन बंदियों की वापसी के बाद, हमास द्वारा पकड़े गए सभी इजरायली बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान किया। रुबियो ने एक्स पर पोस्ट किया, 490 दिनों तक कैद में रहने के बाद, एली, ओर और ओहद अंततः इजरायल अपने घर पहुंच गए हैं।

# शनिवार दोपहर तक होनी चाहिए सभी बंधकों की रिहाई, नहीं तो मचेगी तबाही, ट्रंप ने क्यों दी हमास को चेतावनी ?

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि हमास को शनिवार दोपहर तक बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा कर देना चाहिए। अगर फिलिस्तीनी ग्रुप ऐसा नहीं करता है तो वह इजरायल-हमास युद्धविराम को रद्द करने का प्रस्ताव रखेंगे। ओवल ऑफिस में पत्रकारों के साथ विस्तृत चर्चा में ट्रंप ने 8 जनवरी को हमास द्वारा रिहा किए गए तीन बंधकों की कमजोर शारीरिक हालत और फिलिस्तीनी ग्रुप की तरफ से बंधकों की रिहाई रोकने की घोषणा पर निराशा व्यक्त की।

बता दें गाजा युद्धविराम समझौते के तहत हमास को इजरायली बंधकों को रिहा करना है जिसके बदले में इजरायल फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा। अब तक पांच बार बंधकों-कैदियों की अदला-बदली हो चुकी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, जहां तक मेरा सवाल है, अगर शनिवार 12 बजे तक सभी बंधकों को वापस नहीं लौटाया जाता है, तो मैं कहूंगा कि इसे रद्द कर दिया जाए और सभी दांव बंद कर दिए जाएं और तबाही मचने दी जाए। उन्हें शनिवार 12 बजे तक बंधकों को वापस लौटा दिया जाना चाहिए।

ट्रंप ने कहा कि वे चाहते हैं कि बंधकों को एक साथ रिहा किया जाए, न कि कुछ को एक बार में, 'हम चाहते हैं कि सभी वापस आ जाएं।' ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर जॉर्डन और मिस्र गाजा से हटाए जाने वाले फिलिस्तीनी शरणार्थियों को नहीं लेंगे तो वे उन्हें दी जाने वाली सहायता



रोक सकते हैं। वह मंगलवार को जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला से मिलने वाले हैं। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब ट्रंप के इस प्रस्ताव पर कुछ असमंजस की स्थिति है कि एक बार लड़ाई बंद हो जाने के बाद गाजा पर अमेरिका का कब्जा हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनके प्रस्ताव के तहत फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी पर वापस लौटने का अधिकार नहीं होगा। इस तरह उन्होंने अपने ही अधिकारियों के उस बयान का खंडन किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि गाजा के लोगों को केवल अस्थायी रूप से ही हटाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह विस्थापित फिलिस्तीनियों को लेने के लिए जॉर्डन और मिस्र के साथ एक समझौता कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि अमेरिका दोनों देशों को 'सालाना अरबों डॉलर' देता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या फिलिस्तीनियों को गाजा में वापस लौटने का अधिकार होगा, ट्रंप ने कहा: नहीं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि उन्हें बेहतर आवास मिलेगा। उन्होंने कहा, मैं उनके लिए एक स्थायी स्थान बनाने की बात कर रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा को फिर से रहने लायक बनाने में कई साल लगेंगे।

बता दें 4 जनवरी को वाशिंगटन में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना 'गाजा प्लान' पेश किया।

ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका युद्ध से तबाह गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाए जाने के बाद इसे आर्थिक रूप से विकसित करेगा। उन्होंने गाजा का विकास करने का प्रस्ताव रखते वक्त यह स्पष्ट कहा था कि फिलिस्तीनियों का विस्थापन स्थायी होगा। हालांकि बाद में व्हाइट हाउस में इस पर सफाई दी थी कि गाजा से कोई भी विस्थापन अस्थायी होगा।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला करके 251 बंधकों को पकड़ लिया और लगभग 1,200 लोगों को मार डाला था जिसके बाद युद्ध शुरू हो गया।

## ग्वाटेमाला: पुल से 35 मीटर नीचे गिरी बस, 55 लोगों की मौत, राष्ट्रीय शोक घोषित



ग्वाटेमाला सिटी (आरएनएस)। ग्वाटेमाला की राजधानी के बाहरी इलाके में बड़ा हादसा होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार एक बस के पुल से नीचे गिर जाने से कम से कम 55 लोगों की मौत हो गई है।जानकारी देते हुए सार्वजनिक मंत्रालय के जांचकर्ताओं ने कहा कि घटनास्थल से 53 शव बरामद किए गए हैं और सैन जुआन डी डिओस अस्पताल ने पुष्टि की है कि वहां लाए गए दो यात्रियों की भी मौत हो गई है। इस घटना को लेकर अग्निशमन प्रवक्ता एडविन विलाग्रान ने कहा कि कई वाहनों की आपस में टक्कर के कारण बस सड़क से उतर गई और पुल के नीचे खाई में गिर गई। अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस सीवेज से प्रदूषित पानी में 115 फीट (35 मीटर) नीचे गिर गई। बस आधी उल्टी होकर डूब गई।

### राष्ट्रपति ने एक घोषित किया एक दिन का शोक

बस राजधानी के उत्तर-पूर्व में प्रोग्रेसो से आई थी। स्वयंसेवी अग्निशमन प्रवक्ता ऑस्कर सांचेज ने कहा कि मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं। राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवलो ने अपनी संवेदना व्यक्त की और एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की।

## सऊदी अरब का बड़ा फैसला, हज में बच्चों को ले जाने पर लगाया बैन, 14 देशों के लिए बदले वीजा नियम



सऊदी (आरएनएस)। हज यात्रा को लेकर सऊदी अरब ने बड़ा फैसला किया है। सऊदी अरब के नए फैसले के मुताबिक अब बच्चों की हज में एंट्री बैन कर दी गई है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि हज के दौरान हर साल बढ़ती भीड़ को लेकर ये फैसला लिया गया है। मंत्रालय का कहना है कि 2025 में उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो पहली बार हज करने आए हैं। बच्चों पर बैन भी इसी वजह से लगाया है कि उन्हें भीड़ भाड़ में होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। हज 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं। सऊदी अरब के नागरिक और वहां रहने वाले Nusuk app के जरिए या ऑफिशियल ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आवेदकों को अपनी जानकारी सत्यापित कराने के साथ ही उनके साथ यात्रा करने वाले का भी पंजीकृत करना होगा। सऊदी अरब के नए वीजा नियमों से अल्जीरिया, बांग्लादेश, मिस्त्र, इथोपिया, भारत, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, मोरक्को, नाइजीरिया, पाकिस्तान, सूडान, ट्यूनीशिया और यमन पर देश प्रभावित होंगे। सऊदी अरब की सरकार ने इन देशों के साथ पर्यटन, व्यापार और पारिवारिक यात्राओं के लिए एक साल के बहु-प्रवेश वीजा को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। नए नियमों के तहत, इन देशों के लोग केवल एकल-प्रवेश वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो कि 30 दिनों के लिए वैलिड होगा।

## तसलीमा नसरीन की किताब पर मचा बवाल, मदरसा छात्रों ने प्रकाशक को पीटा

ढाका ,(आरएनएस)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक पुस्तक मेले में लेखिका तसलीमा नसरीन की किताब को लेकर विवाद खड़ा हो गया। अमर एकुशे पुस्तक मेले में सब्यसाची पब्लिकेशन के स्टॉल पर मदरसा के छात्रों के एक समूह ने हमला कर दिया। आरोप है कि छात्रों ने नसरीन की किताब रखे जाने के विरोध में प्रकाशक के साथ मारपीट की और स्टॉल में तोड़फोड़ भी की।पुलिस के अनुसार, स्थिति अब नियंत्रण में है और घटना की जांच की जा रही है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है। लेखिका तसलीमा नसरीन ने भी इस वीडियो को साझा करते हुए बांग्लादेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट्स और चश्मदीदों के अनुसार, यह घटना ढाका के अमार एकुशे पुस्तक मेले में हुई। मदरसा के छात्रों का समूह सब्यसाची पब्लिकेशन के स्टॉल पर पहुंचा और नसरीन की किताब बेचने पर आपत्ति जताई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने प्रकाशक शताब्दी भावा पर हमला किया और तसलीमा नसरीन की किताबों को फेंक दिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति शांत हुई।

# खेल समाचार

# तीसरे एकदिवसीय को जीतकर क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

### विराट के प्रदर्शन पर रहेंगी नजरें

अहमदाबाद (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भी इंग्लैंड को हराकर 3-0 से सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। पहले दोनो ही मैचों में जीत से भारतीय टीम को मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे इस मैच में मिलेगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी दूसरे एकदिवसीय में आक्रामक शतक लगाकर लय में आ गये हैं जिसका लाभ भी भारतीय टीम को मिलेगा। चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले होने वाले इस मैच में सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की नजरें रहेंगी। विराट पहले दोनो ही मैच में असफल रहे हैं और उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना रहेगा। भारतीय टीम ने पहले दोनो मैचों के साथ ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में इस मैच में बदलाव भी हो सकता है। ऐसे में पहले दोनो ही मैचों में विफल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की जगह पर ऋषभ पंत को शामिल किया जा सकता है। कप्तान रोहित ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की है। ऐसे में विराट भी इस बार बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली के पास इस मैच में अपने 14000 रन परे करने का भी अवसर है। उन्हें इसके लिए



केवल 89 रन की जरूरत है। भारतीय टीम ने का प्रदर्शन अब तक इस सीरीज में सभी क्षेत्रों में अच्छा रहा है। नये स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी प्रभावित किया है हालांकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दूसरे एकदिवसीय में लय में नहीं दिखे और उनकी गेंदों पर काफी रन गये। ऐसे में वह भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस एकदिवसीय से वापसी करनी थी पर वह अभी तक बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ही हैं। वहीं मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर भी अच्छी पारी खेलना चाहेंगे।

ऑलराउंडर अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी पांचवें नंबर पर अच्छा रहा है। वहीं गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक सीरीज में छह विकेट लिए हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने स्पिन गेंदबाजों के सहायक विकेटों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड के पास ये जीत दर्ज करने का अंतिम अवसर है। उसने दूसरे एकदिवसीय में जोस बटलर की कप्तानी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और 300 से ज्यादा रन बनाये थे पर इसके बाद भी उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाये थे। उसे इस मैच में जीत के लिए सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर होने से भी उसकी संभावनाओं को झटका लगा है। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी इस बार भी से ऐसा ही करना चाहेंग। जो रूट भी बड़ी पारी खेलने के इरादे से उतरेंगे। गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद के साथ ही मार्क वुड ओर जोफ्रा आर्चर को भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा।

### तीसरे एकदिवसीय में राहुल को शायद ही जगह मिले

मुम्बई (ए)। भारती और इंग्लैंड के बीच बुधवार को होने वाले तीसरे एकदिवसीय मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को शामिल किये जाने की संभावनाएं बेहद कम हैं। राहुल अब तक हुए दोनो ही एकदिवसीय मैच में रन नहीं बना पाये हैं। भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में अब तीसरे मैच में बदलावों के साथ उतर सकती है।राहुल लंबे समय से अच्छी पारी खेल पाने में विफल रहे हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट प्रारुप में भी वह रन नहीं बना पाये थे। वहीं अब एकदिवसीय में भी उनका बल्ला खामोश है। सीरीज के दोनों ही मैचों में राहुल को नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा गया पर राहुल ने लगातार दोनों मैचों में निराश किया। राहुल के बल्लेबाजी क्रम को लगातार बदलने से भी उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

## टाइगर वुड्स ने मां के निधन के बाद जेनेसिस इनविटेशनल से नाम वापस लिया

नई दिल्ली,(आरएनएस)। टाइगर वुड्स इस सप्ताह जेनेसिस इनविटेशनल में नहीं खेलेंगे, जहां वे टूर्नामेंट के मेजबान हैं, क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने कहा कि वे अपनी मां के निधन को अभी भी भूल रहे हैं।वुड्स ने कहा, मैंने इस सप्ताह खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन मैं अभी तैयार नहीं हूं। मैंने तैयारी करने की पूरी कोशिश की, यह जानते हुए कि मेरी मां यही चाहती होंगी, लेकिन मैं अभी भी उनके निधन को भूल रहा हूं।सभी का धन्यवाद जिन्होंने मुझसे संपर्क किया। मुझे उम्मीद है कि मैं इस सप्ताह के अंत में टॉरी में रहूंगा और अपनी मां के निधन के



बाद से निरंतर दयालुता की सराहना करता हूं, वुड्स, जिनकी मां कुल्टिडा का पिछले सप्ताह 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था, ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में कहा।जेक नैप मैदान में 82 बार के पीजीए टूर विजेता की जगह लेंगे। नैप की सबसे पुरानी गोल्फ मेमोरी 2006 डब्ल्यूजीसी-एक्सेंचर मैच प्ले चैंपियनशिप में वुड्स को स्टीफन एम्स को 9 और 8 से हराते हुए देखना और वुड्स के कैडी स्टीव विलियम्स द्वारा उन्हें मैच की एक गेंद फेंकना है।वुड्स की पीजीए टूर पर आखिरी प्रतिस्पर्धी शुरुआत रॉयल ट्रून गोल्फ क्लब में 2024 ओपन चैंपियनशिप में हुई थी, जहां वह कट से चूक गए थे। वुड्स ने इस साल जुपिटर लिंक्स गोल्फ क्लब के लिए नई तकनीक से भरपूर टीजीएल गोल्फ लीग में दो बार खेला है, जिसकी स्थापना उन्होंने रोरी मैक्लॉय और माइक मैककार्ले के साथ मिलकर की थी। 49 वर्षीय वुड्स ने किशोर बेटे चार्ली के साथ दिसंबर में हुए इवेंट में 36-होल में खेला था। ।जेनेसिस इनविटेशनल गुरुवार से शुरू हो रहा है और वुड्स के टीजीआर फाउंडेशन को इसका लाभ मिलेगा। यह रिवेरा कंट्री क्लब में होने वाला था, लेकिन लॉस एंजेलिस के जंगल में लगी आग के कारण इसे सैन डिएगो के टॉरी पाइंस में स्थानांतरित कर दिया गया। 49 वर्षीय वुड्स ने किशोर बेटे चार्ली के साथ दिसंबर में हुए इवेंट में 36-होल में खेला था।।


## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ: जोमेल वार्रिकान ने जनवरी के लिए जीता पुरस्कार

नईदिल्ली (ए.)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने जनवरी 2025 के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के स्पिनर जोमेल वार्रिकान को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है।उन्होंने पिछले महीने टेस्ट प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था।उन्होंने भारत के वरुण चक्रवर्ती और पाकिस्तान के नोमान अली को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता।दूसरी तरफ महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को ये सम्मान मिला है। बाएं हाथ के स्पिनर वार्रिकान ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल किया, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था।उन्होंने पहले टेस्ट में कुल 10 विकेट (3/69 व 7/32) और दूसरे टेस्ट में कुल 9 विकेट (4/43 व 5/27) लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने सीरीज में 85 रन बनाए थे।2 मैचों की वो टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ था। चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टी-20 की सभी पारियों में कुल 18 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 9.86 की औसत के साथ 14 विकेट लिए थे। उन्होंने सीरीज में एक पारी में 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा भी किया। उन्होंने जनवरी माह में 4 टी-20 मैचों में 12 विकेट अपने नाम किए थे। पाकिस्तान के नोमान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में 12.62 की औसत से कुल 16 विकेट लिए थे।

## रणजी ट्रॉफी 2024-25: साई किशोर ने विदर्भ के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल में लिए 5 विकेट

नईदिल्ली, (ईएमएस)। रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे क्वार्टर-फाइनल में तमिलनाडु क्रिकेट टीम के साई किशोर ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने विदर्भ क्रिकेट टीम की दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का 12वां 5 विकेट हॉल रहा।उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते ही विदर्भ की दूसरी पारी 272 रन पर सिमट गई। वह पहली पारी में कोई विकेट नहीं ले सके थे।किशोर ने दूसरी पारी में दानिश मालेवार (0) के रूप में अपनी पहली सफलता हासिल की।बाएं हाथ के स्पिनर ने फिर ध्रुव शौरे (20), हर्ष दुबे (64), नचिकेत भुते (6) और आदित्य ठाकरे (0) के विकेट चटकाए।उन्होंने 26 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 78 रन देते हुए ये 5 विकेट हासिल किए।उनके अलावा अजित राम ने 2 विकेट अपने नाम किए।पहली पारी में किशोर ने 20 ओवर में बिना विकेट लिए 48 रन दिए थे।किशोर ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में अब तक 46 मैचों की 83 पारियों में 192 विकेट लिए। इस बीच उनका पारी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देते हुए 7 विकेट लिए।उन्होंने एक मैच में 10 विकेट हॉल लेने का कारनामा भी किया था।दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 60 पारियों में 772 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 81 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 3 अर्धशतक लगाए हैं।किशोर ने लगातार दूसरे मैच में 5 विकेट हॉल लिया है।इससे पहले उन्होंने अपने पिछले मैच में कुल 8 विकेट लिए। उन्होंने झारखंड के विरुद्ध पहली पारी में 3 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट चटकाए थे।वहीं, इससे पहले चंडीगढ़ के खिलाफ मैच में उन्होंने कुल 7 विकेट चटकाए थे। उन्होंने पहली पारी में 3 विकेट और दूसरी पारी में 4 विकेट अपने नाम किए थे।विदर्भ ने पहली पारी में करुण नायर के शतक (122) की मदद से 353 रन बनाए।जवाब में तमिलनाडु की पहली पारी सिर्फ 225 रन पर ही सिमट गई। पहली पारी के आधार पर मजबूत बढ़त हासिल करने वाली विदर्भ की टीम अपनी दूसरी पारी में 272 रन ही बना सकी।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा : शास्त्री



दुबई (ए)। पूर्व क्रिकेटर और भारतीय टीम के कोच रहे रवि शास्त्री ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। इसलिए अन्य टीमों को जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पाक टीम मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में उतरेगी। शास्त्री के अनुसार घरेलू हालातों में पाक टीम खतरनाक साबित हो सकती है। पाक1996 में विश्व कप के बाद पहली बार किसी सीनियर आईसीसी इवेंट की सह-मेजबानी करेगा।शास्त्री ने कहा, जब आप उपमहाद्वीप में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हैं तो हमेशा ही दबाव होता है। फिर चाहे वह भारत हो, श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो या पाकिस्तान क्योंकि सभी को अपनी टीमों से काफी उम्मीदें होती हैं पर मुझे लगता है कि पाक ऐसी टीम है, जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका उसे लाभ मिल सकता है। शास्त्री ने कहा कि पाक टीम इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। साथ ही कहा कि एक बार नॉकआउट में पहुंचने के बाद वह खतरनाक साबित होगी। शास्त्री ने कहा, उन्हें शीर्ष पर युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी पर उसके बल्लेबाज क्रम में पर्याप्त गहरायी है। मैं कहूंगा कि उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना चाहिए और वहां से, यह किसी का भी खेल हो सकता है। पाकिस्तान अभी भी बहुत, बहुत खतरनाक है, और यदि वे क्वालीफाई करते हैं, तो वे काफी अधिक खतरनाक होंगे।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की शास्त्री की बातों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी इकाई टूर्नामेंट में बदलाव ला सकती है। साबित हो सकती है।

पोंटिंग ने कहा कि पाकिस्तान की बल्लेबाज़ी को मजबूत करने में बाबर आजम और रिजवान की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा, बाबर हाल के वर्षों में बेहतर नहीं खे पाये हैं पर अगर वह और रिजवान अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं, तो पाकिस्तान अविश्वसनीय रूप से खतरनाक बन जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यह भी स्वीकार किया कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलने से उसके अतिरिक्त लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, घर पर खेलने का दबाव दोनों तरफ से काम कर सकता है।

## डब्यूपीएल में यूपी वॉरियर्स की कप्तानी करेंगी दीप्ति

मुम्बई (ए)। 14 फरवरी से शुरु होने वाली महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा (डब्यूपीएल) में दीप्ति शर्मा यूपी वॉरियर्स की कप्तानी करती दिखेंगी। इसका कारण है कि एलिसा हीली फिट नहीं होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गयी हैं। दीप्ति ने पिछले कुछ सालों में टीम इंडिया की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। 14 फरवरी से महिला प्रीमियर लीग शुरु होगी।महिला प्रीमियर लीग के पहले दो सत्र में खास प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली यूपी वॉरियर्स का लक्ष्य इस बार बेहतर प्रदर्शन करना है। इसी कारण उसने दीप्ति को कप्तानी सौंपी है। दीप्ति महिला प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। उनका पिछले दो सत्र में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। वह टीम की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है।दीप्ति की इस टीम में ताहलिया मैक्ग्रा, चमारी अट्टापट्ठ, ग्रैस हैरिस जैसी कुछ शानदार खिलाड़ी है।

# मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं यहां पर धर्म भी मिलता है और आनंद भी मिलता है: डॉ शर्मा

## संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले का उद्घाटन हुआ, सुबह हुई पूजन शाम को शुभारंभ




नर्मदापुरम (निप्र)। मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं यहां पर धर्म तो मिलता ही साथ ही आनंद भी मिलता है। यह मेला जिले का सबसे पुराना मेला है। लगभग 300 वर्ष से यह मेला लग रहा है। यह बात विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने मेला के उदघाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि यहां पर आध्यात्मिक लाभ के साथ आर्थिक लाभ भी मिलता है। क्षेत्र के साथ स्थानीय व्यापारियों को भी लाभ मिलता है। मेला सफल हो मैं ऐसी कामना करता हूं। मेला शुभारंभ से पूर्व सुबह के समय समाधि स्थल पर पूजन अर्चन हुई।मेला के मुख्य अतिथि आचार्य पं सोमेश परसाई ने कहा कि संतों की कृपा से लाभ मिलता है। यह मेला रामजीबाबा की याद में मनाया जाता है। रामजी बाबा के प्रति सभी की श्रद्धा है। स्वागत भाषण नपाध्यक्ष नीतू यादव ने दिया। मंच पर जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, उपाध्यक्ष अभय वर्मा, पियूष शर्मा, मेला प्रभारी निर्मला हंस राय सहित समाधि के महंत वृंदावनदास, महंत मुरारीदास मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र चौकसे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, पार्षदों के साथ ही नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे संचालन राहुल गौर ने तथा आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने किया।

### 24 फरवरी तक रहेगा मेला

रामजी बाबा मेला 24 फरवरी तक जारी रहेगा। मंच से तथा शहर के अनेक स्थानों पर मेला के आयोजन की परंपरानुसार अनेक आयोजन होंगे।

## युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 13 फरवरी को

*नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 13 फरवरी को जनपद पंचायत नर्मदापुरम में किया जाएगा। रोजगार एवं स्वरोजगार में छात्र-छात्राओं को निजि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार हितधारकों के लिये स्टॉल लगाये जायेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां पंजीयन कर सकते है। युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, परियोजना अधिकरी नगरीय विकास एवं आवास विभाग, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं पशु पालन विभाग, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम, पवारखेड़ा सहायक कृषि यंत्री कृषि अभियंत्रिकी विभाग, सहायक संचालक मछुआ कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सहायक संचालक मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण विभाग, प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उपसंचालक उद्यानिक विभाग, प्रबंधक कुटीर ग्रामोद्योग विभाग रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। रोजगार मेला में नहर (मंडीदीप), वर्धमान यार्न (मंडीदीप), मदरसन कंपनी (गुजरात), बी.एस.डब्ल्यू फार्मास्यूटिकल्स (इंदौर), सम्हिता पी.एस.टी. इन्डस्ट्री, यशस्वी ऐकैडमी (भोपाल), भारत फाईनेंशियल इनक्लूजन, नवकिसान बायोटेक, प्रथम एजुकेशन भोपाल, कौशल विकास केंद्र जबलपुर, भारतीय जीवन बीमा, पुखराज, स्क्ुस सिक्योरिटी, आई.सी.आई.र्स आई बैंक, भास्कर प्राइवेट लिमिटेड (मंडीदीप), ऐक्सिस बैंक, एच.डी.एफ.सी. लाईफ, कांल्टिंग एण्ड डिज इन, टाटा लाईफ इंशोरेस, न्यूयुवती मेनेजमेंट भोपाल, एम.आई.सी आदि कंपनियां उपस्थित रहेंगी।*

# कोई बेटे बहु से प्रताड़ित तो कोई आवारा मवेशियों से परेशान होकर पहुंचा जनसुनवाई में

## एक व्यक्ति होम्योपैथिक डॉक्टर द्वारा एलोपैथिक उपचार करने की शिकायत लेकर पहुंचा जनसुनवाई में



नर्मदापुरम (निप्र)। आम जनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शासन के निर्देश अनुसार प्रति मंगलवार को जनसुनवाई के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जनसुनवाई में अधिकारीगण आवेदकों से प्राप्त शिकायत एवं समस्या का यथोचित मौके पर ही निराकरण करते हैं। आज आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत के पास कुछ ऐसे व्यक्ति भी पहुंचे जिन्होंने अपने बेटा बहू द्वारा प्रताड़ित करने की शिकायत श्री रावत एवं वरिष्ठ अधिकारियों से की। मंगलवार को आयोजन सुनवाई में ग्राम नया खेड़ा तहसील बनखेड़ी के तुलसीराम सराठे ने आवेदन प्रस्तुत करके बताया कि उनका बड़ा बेटा राजा उर्फ़ विमलेश एवं बड़ी बहू साक्षी द्वारा आए दिन उन्हें और उनकी पत्नी को परेशान किया जाता है। गाली गलौज एवं मारपीट की जाती है। साथ ही घर छोड़कर जाने के लिए कहा जाता है। वही एक और आवेदक मंगलवारा घाट निवासी परसराम तिवारी ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके पुत्र मनोज तिवारी और पुत्र वधू दीपा तिवारी द्वारा उन्हें और उनकी पत्नी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें और उनकी पत्नी को बेटा बहू खाना तक नहीं देते हैं। श्री परसराम तिवारी ने कहा कि उन्हें आशंका है कि उनका पुत्र एवं पुत्रवधू उनके साथ कोई अप्रिय घटना ना कर दें। उन्होंने पुत्र एवं पुत्रवधू के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। जनसुनवाई में ग्राम बछवाडा तहसील बाबई की श्रीमती ललिता साहू ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके पुत्र प्रेम शंकर साहू एवं पुत्र वधू रुक्मणी द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। उनके पुत्र और पुत्रवधू द्वारा उनकी विधवा पेंशन की पासबुक, एफडी, गहने आदि भी हड़प लिए गए हैं। उन्होंने अपने मूल दस्तावेज, गहने वापस दिलाने तथा पुत्र एवं पुत्रवधू के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत द्वारा संबंधित अधिकारियों को तत संबंध में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# जिले की अनेक कृषि उपज मंडियों के सचिव पद पर हुए बदलाव

### एके परिहार ने इटारसी, व बीएल त्यागी ने नर्मदापुरम कृषि मंडी सचिव का पदभार ग्रहण किया



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश मंडी प्रशासन के द्वारा जिले की अनेक मंडियों में सचिवों का बदलाव किया गया है। जिसमें मुख्यालय की कृषि उपज मंडी, इटारसी मंडी, बानापुरा मंडी शामिल हैं। जिले की बड़ी मंडियों में शुमार इटारसी मंडी के प्रभारी सचिव केसी बामालिया के निलंबित होने पर नर्मदापुरम मंडी के सचिव एके परिहार को प्रभार दिया गया। वहीं नर्मदापुरम मंडी में बीएल त्यागी ने पदभार ग्रहण किया है। इसी तरह बानापुरा कृषि उपज मंडी के प्रभारी सचिव दिनेश लोखंडे के स्थान पर सिरोंज से आए रामदीन इवने ने पदभार ग्रहण कर लिया है। नर्मदापुरम कृषि उपज मंडी के प्रभारी सचिव बनवारी लाल त्यागी ने कहा कि शासन के नियमों को ध्यान में रखते हुए किसान के हित में तथा व्यापारियों से तालमेल के साथ कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाएं बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को परेशानी नहीं हो इस बात का ध्यान दिया जाएगा। श्री परिहार को यहां आए हुए कम ही समय हुआ था कि यह बदलाव हो गया। उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं में काफी कुछ सुधार किया है। सब्जी मंडी की व्यवस्थाओं में भी सुधार की पहल शुरू हो रही थी इस बीच उनका तबादला भोपाल मुख्यालय हो गया है। साथ में इटारसी मंडी का प्रभार भी दिया गया है। अब उन्हें भोपाल कार्यालय के साथ इटारसी मंडी के कार्य भी संभालने हैं।

## जेल से रिहा होने वाले बंदियों से संपर्क कर उन्हें स्वरोजगार हेतु ऋण दिलाया जाए : कलेक्टर

नर्मदापुरम (निप्र)। केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम से रिहा होने वाले बंदियों/निकट भविष्य में सजा अवधि पूरी करने वाले बंदियों को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार योजनाओं से अधिक से अधिक संख्या में जोडा जाए। साथ ही रिहा होने वाले बंदियो से संपर्क कर उन्हें स्वरोजगार के लिए ऋण राशि उपलब्ध कराई जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को आयोजित जेल विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने बैठक में रिहा बंदियों के स्वरोजगार हेतु विभिन्न विभागों को प्रेषित ऋण प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा रिहा बंदियों के ऋण प्रकरणों को बैंको के माध्यम से स्वीकृति हेतु त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। केन्द्रीय जेल के अधीक्षक संतोष सोलंकी ने बताया कि विभिन्न शासकीय विभागो / अन्य संस्थाओं के माध्यम से जेल में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अब तक 1738 बंदियों / रिहा बंदियों को स्वरोजगार योजनाओं से जोडे जाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।

# अमानक उर्वरक के विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें : कमिश्नर श्री तिवारी

## जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था एवं गंदगी को ठीक कराया जाए फूड सेफ्टी ऑफीसर एवं नापतौल विभाग सक्रिय रहकर कार्य करें

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में संयुक्त संचालक कृषि बी. एल. बिलैया को निर्देशित किया कि वे जिले में कहीं भी अमानक उर्वरक यदि बिकता हुआ पाया जाया रहा है तो वहां संबंधित विक्रेता पर कडी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि किसी भी स्थिति में किसानों को अमानक उर्वरकों का वितरण ना किया जाए। कमिश्नर ने फूड सेफ्टी ऑफिसरों को लगातार फील्ड में रहकर दूषित एवं मिलावटी खाद्यय पदार्थो की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने विधिक माप विज्ञान (नामतौल) विभाग के अधिकारियों को सक्रिय रहकर तौल कांटो एवं बांट की जांच करने के निर्देश दिए और कहा कि ऐसी जांचों की पर्याप्त प्रचार प्रसार भी किया जाए। ताकि ग्राहक धोकाधडी से बच सकें। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी योजनाओं में यदि पैसा लैप्स हो रहा है तो उसका उपयोग करें और यदि बजट की कमी है तो शासन से अतिरिक्त बजट की मांग करें। कमिश्नर ने डिप्टी कलेक्टर श्रीमती संपदा गूजर को निर्देश दिए कि वे आरबीसी 06/04 के अंतर्गत प्राप्त बजट का हितग्राहियों के हित में प्रयोग करें। कमिश्नर ने सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कर लें। कमिश्नर ने स्पष्ट हिदायत दी कि जिन कार्यालयों में शासकीय कार्य के लिए शिक्षकों को अटैच किया गया है, उसका एक बार परीक्षण कर लें। और यदि कोई उपयोग नहीं है तो शिक्षकों को उनके मूल संस्था एवं स्कूलों में भेज देवे। कमिश्नर ने कहा कि निर्वाचन एवं अन्य कार्यालयों में सालों से अटैच शिक्षकों की उपयोगिताओं का भी अनिवार्य रूप से परीक्षण करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने शासकीय आवास में सेवानिवृत्ति के पश्चात एवं स्थानांतरण के बाद भी जमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शासकीय आवास खाली कराने के निर्देश दिए और इस अवधि का किराया शासन के हित में वसूलने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि रिक्त आवास पात्र कर्मचारियों को प्राथमिकता से आवंटित किए जाएंगे। समय सीमा की बैठक में अपर आयुक्त आर पी सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जी.सी. दोहर एवं संबंधित संभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आजीविका स्वाद संगम मूड कियॉस्क का शुभारंभ, महिला सशक्तिकरण की ओर एक और कदम

नर्मदापुरम (निप्र)। स्वसहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत पिपरिया तहसील परिसर में आजीविका स्वाद संगम फूड कियॉस्क का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वसहायता समूह की दीदियों, गणमान्य अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आमजन की गरिमामयी उपस्थिति रही।आजीविका स्वाद संगम दीदी कियॉस्क का संचालन तेजस्विनी संकुल स्तरीय संघ के स्वामित्व में स्व सहायता समूह की मेहनती एवं समर्पित महिलाएं करेंगी, जिन्हें मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना और स्वास्थ्यवर्धक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना है।इस किओस्क में शुद्ध, ताज़ी एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए जाएंगे। यहां परंपरागत देसी व्यंजनों के साथ-साथ साउथ इंडियन और चाइनीज़ डिश भी उचित दामों पर उपलब्ध होंगी।

# अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर कार्यालय स्थित सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राजस्व महा अभियान 3.0 सहित अन्य राजस्व विषयों जैसे फसल गिरदावरी, स्वामित्व योजना राजस्व वसूली आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। अपर कलेक्टर ने बैठक में आरसीएमएस रिपोर्ट के आधार पर पोर्टल पर दर्ज दांडिक प्रकरणों एवं राजस्व के न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय सीमा अनुरूप प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर निर्देशित किया की पोर्टल के अनुसार सभी न्यायालय में निराकरण प्रतिशत को बढ़ाया जाए। राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों की भी अपर कलेक्टर ने विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले तहसीलदार न्यायालयों को विशेष प्रयास कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व महा अभियान के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों का भी निराकरण किया जाए। लंबित प्रकरणों में लगातार पेशी लगाकर उनका निराकरण किया जाए।अपर कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री के लिए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अर्जित लक्ष्य की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुसार लंबित रजिस्ट्रेशन के शीघ्र डिस्पोजल के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत राजस्व कर्मचारियों से पूरी क्षमता के साथ ई केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करवाए। अपर कलेक्टर द्वारा राजस्व वसूली की भी विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई एवं शासन द्वारा जिले के लिए निर्धारित वसूली लक्ष्यों के अनुरूप वसूली किए जाने के निर्देश समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए साथ ही साथ यह निर्देश भी दिए की जो बकाएदार डिफाल्टर श्रेणी में आते हो ऐसे बकायदारों की सूची बना कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर ने फसल गिरदावरी की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए। अपर कलेक्टर ने इस दौरान स्वामित्व योजना की समीक्षा, सी.एम./सी.एस. मानिट की समीक्षा, जनसुनवाई/आयोग के लंबित प्रकरणों सहित अन्य राजस्व संबंधी महत्वपूर्ण प्रकरणों की भी समीक्षा की।

## पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुर मंडल के वार्ड क्रमांक 15 के बूथ 110 पर पं दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर मुख्यवक्ता संभागीय कार्यालय प्रभारी हंस राय एवं मंडल प्रभारी राजेश तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर जिला प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, वार्ड पार्षद निर्मला राय मनीष परदेशी बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र जाट, सचिन तोमर पृथ्वीपाल ठाकुर अमित नायक, विशाल दीवान सुन्दरम अग्रवाल अंकित सैनी महेश सेन जितेंद्र शर्मा नीरज चतुर्वेदी योगेंद्र सोलंकी रणजीत सिंह ठाकुर, सुखराम उमरे, उमेश गोस्वामी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इसी क्रम में बूथ क्रमांक 88 ग्वालटोली यादव धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाए जाने पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत मनोहर बढ़ानी पार्षद नरेंद्र पटेल मनोहर संध्या थापक महेंद्र यादव नंदकिशोर यादव, अमित महालहा, रजनी यादव, वंदना दुबे, राहुल ठाकुर, अमन चुटिले, वीरू पटवा, सौरभ यादव, ऋषभ शुक्ला सुरेंद्र चौहान सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय की दी श्रद्धांजली, आजीवन सहयोग निधि अभियान शुरू



सीहोर (निप्र)। भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नगर मंडल के तत्वाधान में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर आजीवन सहयोग निधि अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को स्व. उपाध्याय के जीवन, संघर्षों व उनके आदर्शों का जिक्र करते हुए कहा कि सुविधाओं में पलकर कोई भी सफलता पा सकता है पर अभाव के बीच रहकर शिखर को छूना बहुत कठिन है। भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो छोटे से छोटे कार्यकर्ताओ के आर्थिक सहयोग से चलती है। कार्यकर्ताओ द्वारा दिया गया समपर्ण कार्यकर्ताओ में अनुशासन लाता है जो पार्टी में निस्वार्थ रुप से कार्य करता है साथ ही भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रजापति ने बताया कि 23 फरवरी को मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर सुना जाना है जिसको लेकर योजना बनाकर बूथ पर निवासरत सभी कार्यकर्ताओं को सूचना पहुंच जाए।भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष श्री प्रजापति ने बताया कि मंगलवार को पंडित श्री उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर करीब 30 हजार के साथ निधि अभियान की शुरूआत की गई। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय समाज के एक महान विचारक, अर्थशास्त्री और राजनेता थे। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के नगला चंद्रभान नामक गांव में हुआ था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का प्रमुख योगदान भारतीय राजनीति और दर्शन में उनके सम्पूर्ण मानवतावाद के सिद्धांत के रूप में था, जिसे उन्होंने भारतीय समाज के विकास के लिए एक वैकल्पिक दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तुत किया। सम्पूर्ण मानवतावाद का सिद्धांत यह कहता था कि मनुष्य का सर्वांगीण विकास केवल भौतिक समृद्धि पर निर्भर नहीं होना चाहिए, बल्कि उसकी मानसिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को भी पूरा करना चाहिए। उनका मानना था कि पश्चिमी समाज की भौतिकवाद और उपभोक्तावाद की ओर झुकी हुई सोच से भारत का विकास नहीं हो सकता, क्योंकि भारत की सांस्कृतिक और पारंपरिक धारा बहुत भिन्न है। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को भी पूरा करना चाहिए।

# द चैम्प्स फन स्कूल ने प्रतिभाओं का सम्मान किया




नर्मदापुरम (निप्र)। द चैम्प्स फन स्कूल नर्मदापुरम में सम्मान समारोह आयोजित किया गयाए जिसमें डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी एवं प्राचार्य डॉण् आशीष चटर्जी ने कोऑर्डिनेटर श्रीमती रीना मालवीय एवं एडमिन ऑफिसर श्रीमती विनीता जसलानी के साथ विद्यालय की विभिन्न प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया।इस कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा प्रथम की छात्रा कामाक्षी पांडे को डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स में फाइनलिस्ट के रूप में अपनी जगह बनाने और चौथा स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में द्वितीय स्थान में रही हमारी विद्यालय की टीम के खिलाड़ियों को भी रनरअप ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त आर्ट गैलरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को निर्णायकों द्वारा वेरी ब्यूटीफुल पेंटिंग की विशेष सराहना प्रमाणपत्र देने की अनुशंसा की गई। विभिन्न श्रेणियों में भी छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी और उनके साथ अन्य विद्यार्थियों का भी मनोबल बढ़ाया। उन्होंने भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका विनम्रता तिवारी और गोपाल पटेल ने किया। विद्यालय परिवार ने इन सभी प्रतिभाशाली छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com